संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    ऊना, गुरूवार, 18 अप्रैल 2024 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive


कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव मीडिया से मुखातिब होने से पूर्व।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 13 अंक: 106 पृष्ठ: 12    RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com    हिमाचल संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड


RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"हे पार्थ, तुम फल की चिंता मत करो, अपना जरुरी कर्म करते रहो, में फल जरूर दूंगा। -भागवद्"

## मन की बात



"संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है। -स्वामी विवेकानंद"




# दिव्य, अलौकिक: रामलला का 'सूर्यतिलक'

## प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का पहला सूर्य तिलक: 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में 3 मिनट तक माथे पर पड़ीं नीली किरणें, राम के ललाट पर सूर्य देव ने किया तिलक

**अद्भुत**

**8 दोपहर में जैसे ही घड़ी में 12 बजकर 01 मिनट हुए सूर्य की किरणें सीधा भगवान राम के चेहरे पर पहुंच गई**

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या:** रामलला का सूर्य अभिषेक दोपहर 12 बजकर 01 मिनट पर हुआ। सूर्य की किरणें रामलला के चेहरे पर पड़ीं। करीब 75 मिमी का टीका राम के चेहरे पर बना। दुनिया भक्ति और विज्ञान के अद्भुत संगम को भक्तिभाव से निहारती रही। यह धर्म और विज्ञान का भी चमत्कारिक मेल रहा। इस सूर्य तिलक के लिए वैज्ञानिकों ने कई महीने से तैयारी की थी। इसके लिए कई ट्रायल किए गए। दोपहर में जैसे ही घड़ी में 12 बजकर 01 मिनट हुए सूर्य की किरणें सीधा राम के चेहरे पर पहुंच गईं। 12 बजकर एक मिनट से 12 बजकर 6 मिनट तक सूर्य अभिषेक होता रहा। पूरे पांच मिनट तक यह प्रक्रिया चली।

**पांच मिनट तक बना रहा टीका:** वैज्ञानिकों ने बीते 20 वर्षों में अयोध्या के आकाश में सूर्य की गति अध्ययन किया है। सटीक दिशा आदि का निर्धारण करके मंदिर के ऊपरी तल पर रिफ्लेक्टर और लेंस स्थापित किया है। सूर्य रश्मियों को घुमा फिराकर रामलला के ललाट तक पहुंचाया गया। सूर्य की किरणें ऊपरी तल के लेंस पर पड़ीं। उसके बाद तीन लेंस से होती हुई दूसरे तल के मिरर पर आईं। अंत में सूर्य की किरणें रामलला के ललाट पर 75 मिलीमीटर के टीके के रूप में दैदीप्तिमान होती रहीं और ये लगभग पांच मिनट तक टिकी रहीं। सूर्य तिलक के लिए आईआईटी रुड़की सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ने एक खास ऑप्टोमैकेनिकल सिस्टम तैयार किया है। इसमें मंदिर के सबसे ऊपरी तल (तीसरे तल) पर लगे दर्पण पर ठीक दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें पडेंगी। दर्पण से 90 डिग्री पर परावर्तित होकर ये किरणे एक पीतल के पाइप में जाएंगी। पाइप के छोर पर एक दूसरा दर्पण लगा है। इस दर्पण से सूर्य किरणें एक बार फिर से परावर्तित होंगी और पीतल की पाइप के साथ 90 डिग्री पर मुड़ जाएंगी।






## पीएम ने देखा सूर्य तिलक, बताया भावुक क्षण

**टीम एक्शन इंडिया**



**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को भगवान श्रीराम के उनके भव्य मंदिर में हुए सूर्य तिलक का प्रसारण अपने टैब पर देखा। उन्होंने इसे बेहद ही भावुक क्षण बताया। यह दृश्य देखने से पूर्व ही उन्होंने विमान में भी अपनी चप्पलें उतारी हुई थी। प्रधानमंत्री ने असम के नलबाड़ी में एक जनसभा को संबोधित करने के बाद अयोध्या में हुए सूर्य तिलक का प्रसारण देखा। इस संबंध में उन्होंने फोटो साझा करते हुए एक्स पर कहा, नलबाड़ी की सभा के बाद मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। श्रीराम जन्मभूमि का ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है। ये सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा। उल्लेखनीय है कि देशभर में चैत्र रामनवमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विराजे रामलला का सूर्य की किरणों से सूर्य तिलक किया गया। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विगत 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का यह पहला सूर्य तिलक है। श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे भव्य मंदिर में आधुनिक और वैज्ञानिक विधि से ऐसी संरचना ही बनाई गई है कि श्रीराम जन्म के समय वहां विराजमान विग्रह के मस्तक पर पर सूर्य की सीधी रोशनी प्रकाशवान हो।

## रामलला को 56 प्रकार का लगा भोग

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने कहा कि सूर्य तिलक के दौरान भक्तों को राम मंदिर के अंदर जाने की अनुमति रही। मंदिर ट्रस्ट द्वारा लगभग 100 और सरकार द्वारा 50 एलईडी लगाई गई। लोगों ने मंदिरों के बाहर से भी समारोह देखा। इस अवसर पर रामलला को 56 प्रकार का भोग प्रसाद भी लगाया गया।

**श्रद्धालुओं को लाने के लिए लगाई गईं 300 बसें:** रामनवमी पर रामलला का दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए परिवहन निगम ने पूरी ताकत झोंक दी। अयोध्या परिक्षेत्र के चार डिपो अयोध्या, सुलतानपुर, अमेठी और अकबरपुर डिपो की 200 बसों का संचालन फोरलेन पुल के नीचे बालू घाट पर बने अस्थाई बस स्टेशन से किया गया। इसके अलावा लखनऊ, आजमगढ़, देवीपाटन और गोरखपुर क्षेत्र की 50-50 मेला स्पेशल बसों का संचालन विशेष रूप से अयोध्या के लिए किया गया। ये बसें सीधे अस्थाई बस स्टेशन तक चलीं।

**बढ़ाई गई दर्शन की अवधि:** ट्रस्ट ने दर्शन की अवधि भी 19 घंटे तक बढ़ा दी है, जो मंगला आरती से शुरू होकर रात 11 बजे तक जारी रहेगी। चार भोग लगाने के दौरान सिर्फ पांच मिनट के लिए पर्दा बंद रहेगा।

**सुरक्षा व्यवस्था का किया गया पुख्ता इंतजाम:** सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आईजी (अयोध्या रेंज) प्रवीण कुमार ने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की गई है। आईजी ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया, "सभी इलाकों को जोन और सेक्टर में बांट दिया गया है। हमारे स्वयंसेवकों और फोर्स मल्टीप्लायरों को तैनात किया गया है।

# '150 सीटों पर सिमटेगी एनडीए सरकार'

## 'वो 2014 में आए थे 2024 में जाएंगे और इस बार विदाई भी बैंड बाजे के साथ होगी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद:** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के सहयोगी समाजवादी पार्टी और कांग्रेस नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कौशांबी स्थित एक होटल में राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने कहा कि गठबंधन एनडीए को गाजियाबाद से गाजीपुर तक हराएगा।



राहुल गांधी ने दावा किया कि इस बार एनडीए की सरकार 150 सीटों पर सिमट कर रह जाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि वो 2014 में आए थे 2024 में जाएंगे और इस बार विदाई भी बैंड बाजे के साथ होगी। पत्रकारों को संबोधित करते हुए पहले अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार पश्चिम से बदलाव की हवा चली है। जनता भाजपा के झूठ और वादा खिलाफी से तंग आ चुकी है। अखिलेश यादव ने कहा कि इलेक्ट्रोल बांड ने भाजपा की बैंड बजा दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बनकर रह गई है। राहुल गांधी ने कहा कि यह विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ आरएसएस और बीजेपी संविधान को खत्म करने की कोशिश में है तो दूसरी ओर गठबंधन लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए चुनाव लड़ रही है।

## इस बार भी दो सीटों पर चुनाव लड़ेंगे सीएम पटनायक

**टीम एक्शन इंडिया**

**भुवनेश्वर:** बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बताया कि वे गंजम जिले में अपनी पारंपरिक सीट हिंजिली के अलावा बोलंगीर जिले के कांटाबांजी निर्वाचन क्षेत्र से भी चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने इसकी घोषणा बुधवार को ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए नौ उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी करते हुए किया। पटनायक 2019 विधानसभा चुनाव में भी दो सीटों से चुनाव लड़े थे और हिंजिली एवं पश्चिमी ओडिशा के बारगढ़ जिले में बिजेपुर निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की थी। हालांकि, बाद में उन्होंने बिजेपुर सीट छोड़ दिया था।

# तेजस्वी यादव से दु:खी हूं: चिराग पासवान

## मेरे सामने उनकी मां-बहन को कोई गाली नहीं दे सकता: चिराग पासवान

**टीम एक्शन इंडिया**

**जमुई:** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार थमने से पहले जमुई में एक वीडियो वायरल हुआ और इसने पूरी राजनीति में तूफान ला दिया। 'अब जमुई के सांसद और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने इस वीडियो और लोकसभा चुनाव पर बातचीत की। इस बातचीत में चिराग ने बताया कि वह तेजस्वी यादव से दु:खी हैं। उन्होंने राजद की महिला प्रत्याशी और तेजस्वी यादव के रुख पर भी बात की। चिराग ने युवाओं की मांग से लेकर जमुई की जरूरतों पर भी खुलकर बात की।



**चिराग बोले- मेरे परिवार को गाली दी गई:** वायरल वीडियो पर चिराग पासवान ने कहा कि उस मंच पर मेरे छोटे भाई तेजस्वी यादव खड़े थे। तेजस्वी से मेरा रिश्ता काफी पुराना है। हम दोनों अलग-अलग राजनीतिक खेमे में हैं लेकिन इस कारण हमलोग एक-दूसरे के परिवार को गाली तो नहीं देंगे न। उस मंच पर तेजस्वी यादव मौजूद थे, उनके सामने जिस तरह मेरे परिवार को गाली दी गई। मेरी मां और मेरी बहन के बारे में टिप्पणी की गईं यह काफी दुखद है।

**साधा निशाना**

**8 उस मंच पर तेजस्वी यादव मौजूद थे, उनके सामने जिस तरह मेरे परिवार को गाली दी गई, उससे दुख हुआ**

## कोविड मामले में हाईकोर्ट ने सरकार को लगाई फटकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को फटकार लगाई है। दरअसल महाराष्ट्र सरकार ने कोरोना से जान गंवाने वाली एक नर्स के पति की 50 लाख रुपये के मुआवजे की मांग ठुकरा दी थी। इस पर हाईकोर्ट ने सरकार से नाराजगी जाहिर करते हुए पूछा कि आप इतने असंवेदनशील कैसे हो सकते हैं? कोर्ट ने नर्स के पति की याचिका पर सरकार से जवाब मांगा है और दो हफ्ते बाद फिर से इस मामले पर सुनवाई करेगी। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि 'आप इतने असंवेदनशील कैसे हो सकते हैं? मृतका कोरोना मरीजों के इलाज में लगी थी, ऐसे में आप इसे खारिज कैसे कर सकते हैं? मामले से ज्यादा संवेदनशीलता के साथ निपटा जाना चाहिए था।'

**क्या है पूरा मामला:** बॉम्बे हाईकोर्ट की जस्टिस गिरीश कुलकर्णी और जस्टिस फिरदोश पूनीवाला की खंडपीठ ने सुधाकर पवार की याचिका पर सुनवाई की। याचिका में सुधाकर पवार ने नवंबर 2023 में सरकार के उस आदेश को चुनौती दी है।

## चुनाव आयोग ने चंद्रशेखर राव को नोटिस जारी किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चुनाव आयोग ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व सीएम के. चंद्रशेखर राव को 5 अप्रैल को सिरसिला में कांग्रेस पार्टी के खिलाफ उनकी टिप्पणी पर नोटिस जारी किया है। आयोग ने बुधवार को नोटिस जारी करने के साथ ही उनसे 18 अप्रैल की सुबह 11 बजे तक अपनी टिप्पणियों के संबंध में अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है। के. चंद्रशेखर राव ने एक पत्रकार वार्ता में कांग्रेस को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

# केजरीवाल को जेल से सरकार चलाने देने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** तिहाड़ में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल से सरकार चलाने की मांग करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है। वकील श्रीकांत प्रसाद ने दायर याचिका में अरविंद केजरीवाल को अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बातचीत करने की इजाजत दिए जाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि न तो देश का संविधान और न ही कोई कानून प्रधानमंत्री या किसी मुख्यमंत्री को जेल से सरकार चलाने से रोकता है। ऐसे में अरविंद केजरीवाल को अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बात करने के लिए जरूरी प्रबंध करने के दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। याचिका में मांग की गई है कि मीडिया को अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे और दिल्ली में राष्ट्रपति शासन से संबंधित सनसनीखेज खबरें और हेडलाइन चलाने से रोका जाए। याचिका में दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के खिलाफ केजरीवाल पर इस्तीफा देने के लिए दबाव बनाने, 10 अप्रैल को दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर किए गए विरोध प्रदर्शन के लिए कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पिछले सात सालों में दिल्ली सरकार ने स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। वर्तमान में दिल्ली की स्थिति जनता के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने जैसी है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 15 मार्च को केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी थी।



**तकनीक**

**8 न तो देश का संविधान और न ही कोई कानून पीएम या किसी सीएम को जेल से सरकार चलाने से रोकता है**

# भगवान राम का विरोध करने वालों का पतन हुआ है: सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने देश में परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के चुनावी घोषणापत्र के वादे के पीछे की मंशा पर सवाल उठाते हुए इस मुद्दे पर कांग्रेस से अपना रुख जाहिर करने की मांग की। सिंह ने आरोप लगाया कि भारत के परमाणु हथियारों को नष्ट करने की बात करना राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि देश को कमजोर करने के लिए गहरी साजिश रची जा रही है। राज्य के कासरगोड जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने मांग की कि कांग्रेस को परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के घोषणापत्र में किए गए वादे पर अपना रुख जाहिर करना चाहिए क्योंकि इंदिरा गांधी सरकार ने ही देश का परमाणु कार्यक्रम शुरू किया था। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया के 11 परमाणु संपन्न देशों में शामिल होने के लिए कड़ी मेहनत की और अपने परमाणु हथियारों को नष्ट करने से वह देश कमजोर देश बन जाएगा जिसके पड़ोसी पाकिस्तान और चीन परमाणु शक्तियों से लैस होंगे। माकपा ने अपने घोषणापत्र में कहा है कि परमाणु हथियारों और रासायनिक व जैविक हथियारों सहित सामूहिक विनाश के अन्य हथियारों का पूर्ण सफाया किया जाएगा। सिंह ने आरोप लगाया कि ऐसा प्रतीत होता है कि वाम दल और कांग्रेस देश को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा नेता ने एक चुनावी बैठक में कहा, "भारत में जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है, उसे पतन का सामना करना पड़ा है।

**साधा निशाना**

**8 परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के वादे पर रुख साफ करे कांग्रेस: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह**

**चुनावी वादे**

पार्टी के घोषणापत्र में बंगाल में एनआरसी लागू न होने देने का एलान किया गया है

# पश्चिम बंगाल: टीएमसी ने जारी किया घोषणापत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** लोकसभा चुनाव के लिए बंगाल की सत्ताधारी पार्टी टीएमसी ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। पार्टी के नेता डेरेक ओ ब्रायन समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने घोषणापत्र जारी किया। पार्टी के घोषणापत्र में बंगाल में एनआरसी लागू न होने देने का एलान किया गया है। पार्टी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें लिखा गया है कि 'हमे लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना घोषणापत्र जारी करते हुए खुशी हो रही है। दीदी की शपथ के साथ हम हर भारतीय को रोजगार की गारंटी, सभी को घर, मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, किसानों को एमएसपी, एससी-एसटी और ओबीसी छात्रों को छात्रवृत्ति देने की कसम खाते हैं। हम साथ में भाजपा के जमींदारों को उखाड़ फेकेंगे और सभी के सम्मानित जिंदगी सुनिश्चित करेंगे।'




**टीएमसी के घोषणापत्र के बड़े एलान:** टीएमसी ने अपने घोषणापत्र में सीएए कानून को निरस्त करने और एनआरसी को लागू न होने देने का वादा किया है। साथ ही पूरे देश में कहीं भी समान नागरिक संहिता को भी लागू नहीं करने का भी वादा किया गया है। टीएमसी के घोषणापत्र में सभी नौकरी कार्ड धारकों को 100 दिन की रोजगार गारंटी देने की बात कही गई है और कामगारों को एक दिन की न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन देने की बात कही गई है। सभी बीपीएल परिवारों को हर साल 10 एलपीजी सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे। सभी राशन कार्ड धारकों को हर महीने पांच किलो राशन मुफ्त दिया जाएगा।

साथ ही राशन की लोगों को घर पर डिलीवरी की जाएगी और इसका कोई भी चार्ज नहीं देना होगा। एससी,एसटी और ओबीसी छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए मिलने वाली छात्रवृत्ति की रकम बढ़ाई जाएगी।

**वादे**

**8 टीएमसी ने सीएए कानून को निरस्त करने और एनआरसी को लागू न होने देने का वादा किया है**

## सनातन संस्कृति को अपमानित करते हैं विपक्षी दल: बीजेपी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आईएनडीआईए (इंडी गठबंधन) पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दल सनातन संस्कृति को अपमानित करते रहे हैं। श्रीरामनवमी के मौके पर भी इंडी गठबंधन के नेता भारतीय संस्कृति को अपमानित करने का काम कर रहे हैं। बुधवार को मीडिया से बातचीत में राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि जब पूरा भारत और दुनिया रामनवमी का पर्व मना रहा है, तब इंडी गठबंधन के नेता भारत और इसकी संस्कृति को अपमानित करने से नहीं चूक रहे हैं।

# अस्थिरता और बौखलाहट में है प्रदेश की कांग्रेस सरकार: नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर

## चुनाव परिणाम आने के बाद प्रदेश में भी कांग्रेस की सरकार नहीं रहेगी: जयराम ठाकुर

**चमन शर्मा**

**शिमला: हिमाचल प्रदेश में चुनावी पारा धीरे**.धीरे बढ़ता जा रहा है। बीते मंगलवार को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने संयुक्त प्रेस वार्ता करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। वहीं अब भाजपा की ओर से भी नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस पर पलटवार किया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस अस्थीरता के कारण बौखलाहट में है। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम आने के बाद प्रदेश में भी कांग्रेस की



सरकार नहीं रहेगी। वहीं इस दौरान उन्होंने सी वोटर सर्वे का भी हवाला दिया। इस दौरान जयराम ठाकुर ने सिलसिलेवार तरीके से मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस नेताओं पर पलटवार किया। इस दौरान जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए घोषणा करने का भी आरोप लगाया। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुक्खू समेत कांग्रेस पर पलटवार किया। नेता प्रतिपक्ष ने निशाना साधते हुए कहा कि बीते घटनाक्रम के बाद हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस बौखलाहट में है। उन्होंने कहा कि बार.बार भाजपा पर सरकार को स्थिर करने का आरोप लगाया जा रहा है, जबकि सरकार की अस्थिरता का कारण उनके खुद के नेता हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार पर इस्तीफ ा दे देना चाहिए। पार्टी हाई कमान के साथ कांग्रेस नेताओं की भी यही चर्चा हुई है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री के दाएं और बाएं बैठे हुए नेताओं को भी यही आश्वासन पार्टी हाई कमान की ओर से दिया गया है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि चुनाव परिणाम आने के बाद यह सरकार प्रदेश में बनी नहीं रहेगी। सी वोटर सर्वे ने भी हिमाचल प्रदेश में 63 फीसदी वोट बीजेपी को मिल रहे हैं और चारों सीटों पर भाजपा की जीत हो रही है।

# फायर सीजन में लोग अपने घरों के आसपास रखें साफ-सफाई का खास ख्याल

**सुभाग सचदेवा**

**गोहर:** मौसम की बदलाव के साथ ही फ ायर सीजन शुरू हो रहा है। फ ायर सीजन में अक्सर देखा गया है लोग जंगलों में निजी स्वार्थ के कारण आग लगाते हैं जिस वजह से भारी नुकसान झेलना पड़ता है। यह नुकसान की वजह से वातावरण दूषित होता है बेशकीमती वन संपदा को भारी नुकसान होता है और सबसे बड़ा नुकसान जो पशु पक्षियों ने इस सीजन में बच्चे दिए होते हैं उनका होता है। जो कि हमारे सनातन धर्म में बहुत बड़ा पाप माना गया है। इसलिए 14 से 20 अप्रैल तक तक मनाए जाने वाले अग्निशामक सप्ताह के दौरान



अग्निशमन विभाग जासनी स्थित गणेश चौक में अग्निशमन अधिकारियों कर्मचारियों ने आम जनता से अपील की है कि फायर सीजन में निजी स्वार्थ के चलते जंगलों में घासनियों में आग ना लगाएं। उन्होंने आम जनता से भी अनुरोध किया है कि अपने घर के आसपास सुखे घास पत्तियां झाडि ?ां ना रहने दे जिससे घरों को किसी प्रकार का नुकसान हो जंगलों को किसी प्रकार का नुकसान हो। लोगों को इस बारे में जागरूक होना पड़ेगा तभी हम अपने बेश्कीमती वन संपदा को पशु पक्षियों को और वातावरण को बचा सकते हैं।

**न्यूज फ्लैश**

## भारतीय कारीगरों और बुनकरों के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है फ्लिपकार्ट समर्थ


**धर्मशाला: भारत के आर्थिक** परिदृश्य की विविधतामें कारीगर, बुनकर और शिल्पकार वो रंगीन धागे हैं, जो राष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान करते हैं। पारंपरिक शिल्प को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में इन महिलाओं और सूक्ष्म उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए भारत के घरेलू ई-कॉमर्स बाजार फ्लिपकार्ट ने उनके सशक्तीकरण और उत्थान के लिए प्रतिबद्धता जताई है। 2019 में लॉन्च किया गया फ्लिपकार्ट समर्थ कार्यक्रम अब अपने 5वें वर्ष में भारत भर के दस लाख से अधिक कारीगरों, बुनकरों और शिल्पकारों के लिए आशा और प्रगति की किरण के रूप में खड़ा है।विश्व कारीगर दिवस के अवसर पर फ्लिपकार्ट ने वंचित समुदायों को सशक्त बनाने, स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर ग्राहकों से जोड़ने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती दी है। फ्लिपकार्ट समर्थ ने कार्यक्रम के उल्लेखनीय प्रभाव को उजागर करते हुए पिछले वर्ष व्यवसायों को 300% बढ़ने में मदद की। 50करोड़ से अधिक ग्राहकों को अखिल भारतीय बाजार तक पहुंच प्रदान करके फ्लिपकार्ट कारीगरों के सपनों को ई-कॉमर्स सेक्टरके साथ एकीकृत करता है। यह पहल सामाजिक कल्याण के प्रति फ्लिपकार्ट के समर्पण की प्रतीक है।यहां एक ऐसे भविष्य की कल्पना है जहां हर कारीगर की क्षमता का जश्न मनाया जाएगा और उसका पोषण किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश की तीन महिला कारीगरों रितु देवी, कौशल्या देवी और रामकली ने हिमाचल प्रदेश में सशक्तीकरण और लचीलेपन की कहानी बुनी है।राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन और फ्लिपकार्ट समर्थ द्वारा समर्थित उन्होंने वित्तीय आजादी प्राप्त करते हुए ऊनी शिल्प में अपने पारंपरिक कौशल को एक टिकाऊ व्यवसाय मॉडल में बदल दिया।शुरूआत में कुल्लू के छोटे स्थानीय बाजारों तक सीमित, एनयूएलएम और फ्लिपकार्ट समर्थ के साथ उनके सहयोग ने देश भर में बाजार तक पहुंच दी,जिससे उनकी आजीविका में काफी सुधार हुआ।

# नाचन सराज की अधेड़ उम्र के मतदाता नहीं जानते भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत कौन है

**सुभाग सचदेवा**

**गोहर: बेशक** आज इंटरनेट टीवी स्मार्टफोन का जमाना है मगर ऐसे में भी आज हिमाचल में ग्रामीण क्षेत्र की अधेड़ उम्र के लोग ग्लैमर की दुनिया से पूरी तरह वाकिफ नहीं है। हिमाचल में लोकसभा चुनाव 1 जून को होने वाले हैं मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा ने ग्लैमर की दुनिया की क्वीन कही जाने वाली कंगना रनौत को प्रत्याशी के तौर पर उतारा है वही कांग्रेस की तरफ से पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह व मौजूदा सांसद प्रतिभा सिंह के पुत्र हिमाचल प्रदेश सरकार में लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह टिक्का पर दांव खेला है। अगर हम दोनों प्रत्याशियों की





तुलना करें तो नाचन व सराज विधानसभा क्षेत्र में 50 साल से ऊपर के ज्यादातर मतदाता आज भी कंगना रनौत के नाम से अनभिज्ञ है। उन्हें नहीं पता कंगना रनौत कौन है क्या करती हैं कहां से आई हैं क्या चीज है। वहीं विक्रमादित्य सिंह टिक्का के बारे में आज हर मतदाता विक्रमादित्य सिंह के नाम से काम से वाकिफ है । पत्रकार द्वारा पिछले एक सप्ताह में लगभग डेढ़ सौ से ज्यादा अधेड़ उम्र के महिला पुरुष मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी कंगना रानौत वह कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह टीका के बारे में पूछा गया तो 60: मतदाताओं ने कहा कंगना रनौत कौन है कहां से आई है क्या करती हैं जबकि 40: मतदाताओं का मानना है कंगना रनौत फिल्म स्टार है मुंबई के रहने वाली हैं उन्होंने यह नहीं पता कि वह हिमाचल से ही ताल्लुक रखती हैं। हिमाचल के भांबला और मनाली में उन्होंने अपना घर बना रखा है। वहीं विक्रमादित्य सिंह टिक्का के बारे में शत प्रतिशत मतदाताओं ने बताया कि वह उन्हें जानते हैं उनके नाम से उनके काम से वाकिफ है। वह हिमाचल प्रदेश विधानसभा में लोक निर्माण मंत्री हैं शिमला ग्रामीण से विधायक हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव में बेशक कंगना वर्सेस विक्रमादित्य सिंह टिक्का के बीच में चुनाव न होकर कांग्रेस वर्सेज बीजेपी में होगा। मौजूदा समय में सराज व नाचन सहित जिला मंडी के दस में से नो विधानसभा क्षेत्र में से भाजपा का दबदबा है यदि चुनाव भाजपा वर्सेस कांग्रेस में हुआ तो कंगना बहुत अच्छे वोट प्रतिशत से आगे जाएगी और यदि कंगना वर्सेज विक्रमादित्य सिंह टिक्का के बीच में चुनाव होता है तो ऐसे में कंगना रनौत विक्रमादित्य सिंह के आगे दूर-दूर तक नजर नहीं आएंगी। मगर यह चुनाव कंगना रनौत व विक्रमादित्य सिंह टिक्का के नाम पर न होकर मोदी और राहुल के नाम पर हो रहा है ऐसे में चुनाव परिणाम चौंकाने वाले होंगे।

# हाजन ब्लकिश बानो बनी अल्प संख्यक महिला मण्डल अध्यक्ष



**एसपी जैरथ**

**नाहन: अल्प** संख्यक महिला मण्डल नाहन के चुनाव में हाजन ब्लकिश बानो मंडल की अध्यक्ष चुना गया। नसीमा बानो की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में मंडल के चुनाव से पहले अध्यक्ष नसीम बानो ने अपने पद से इस्तीफ ा दिया ताकि नई कार्यकारिणी के गठन किया जा सके। मीना प्रवीण की अध्यक्षता में आयोजित चुनाव में सर्वसम्मति से हाजन ब्लकिश बानो को अल्प संख्यक महिला मंडल की अध्यक्ष चुना गया। इसी कड़ी में सलमा चौहान को महासचिव, नाहिदा को सहसचिव व रेहाना अहमद वित सचिव चुना गया।

अंत में सभी सदस्यों ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी। मंडल की महासचिव सलमा चौहान को मडंल के चुनाव के आयोजित बैठक में सभी को ईद की मुबारक बाद गई तथा इस अवसर पर समाज में अमन और भाईचारा बना रहे इसके दुआ की गई।

# यूपीएससी में छाए हमीरपुर के एसडीओ विनय कुमार

## विनय कुमार का अऑल इंडिया में 824वां रैंक आया है, विनय कुमार का परिवार मूल रूप से पदोड़ी गांव से ताल्लुक रखता है

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर: संघ लोक** सेवा आयोग ने यूपीएससी सिवित्त सेवा परीक्षा 2023 का अंतिम परिणाम मंगलवार को जारी कर दिया। हमीरपुर स्थित आईपीएच विभाग में एसडीओ पद पर कार्यरत 27 वर्षीय विनय कुमार ने भी यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। विनय कुमार का अऑल इंडिया में 824वां रैंक आया है। वैसे तो विनय कुमार का परिवार मूल रूप से जिला बिलासपुर के घुमारवी स्थित पदोड़ी गांव से तालुक रखते है।



ऑल इंडिया में हासिल किया 824वां रैंक, आईपीएच डिपार्टमेंट हमीरपुर में बतौर एसडीओ हैं तैनात

लेकिन अब वे हमीरपुर के अणु स्थित सिपूणो गांव में रहते हैं। विनय कुमार का यह चौथा अटेंप्ट था। पहली बार उन्होंने 2020 में यूपीएससी का एएग्जाम दिया था। विनय कुमार ने 2023 में यूपीएससी का एग्जाम दिया था दिसंबर में उनका रिजल्ट निकता था। उसके बाद जनवरी से अप्रैल तक रिटन एग्जाम क्वालिफाई करने वाले अभ्यर्थियों के साक्षात्कार चले हुए थे। विनय का साक्षात्कार फरवरी में हुआ था।

आयोग ने रिजल्ट घोषित किया तो उनका 824वां रैंक

विनय कुमार की निजी जिंदगी की बात करें तो उनके पिता जेआर भारद्वाज जिला कांगड़ा के जयसिंहपुर स्थित तलवाड़ पोलिटेक्निकल कालेज से बतौर एचओडी सेवानिवृत्त हुए हैं। उनकी माता आशा कुमारी वर्तमान में वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेड़ा में हिंदी विषय की लेक्चरर हैं। नय कुमार की शिक्षा की बात करें तो उन्होंने जमा दो तक की शिक्षा एसडी पब्लिक स्कूल हमीरपुर से पूरी की थी।

# कुल्लू पुलिस ने पकड़ा शराब का जखीरा

**बरामद**

**8 तलाशी के दौरान गाड़ी से 12 बोतलें मार्का रायल स्टैग व 12 बोतलें मार्का टूबर्ग बीयर बरामद की गई**

**कुल्लू: जिला पुलिस** ने शराब तस्करों पर शिकंजा कसते हुए भारी मात्रा में शराब का जखीरा बरामद किया है। मनाली में लोक सभा चुनाव के लिए गठित की गई उड़न दस्ता दल द्वारा क्लाथ में नाकाबन्दी के दौरान टैक्सी एचपी 02के - 1026 की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान गाड़ी से 12 बोतलें मार्का रायल स्टैग व 12 बोतलें मार्का टूबर्ग बीयर बरामद की गई है। गाड़ी में सवार सुचित कुमार गुप्ता निवासी गांवडुंगरी डाकघर व तहसील मनाली के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत थाना मनाली में मामला दर्ज किया गया है। एक अन्य मामले में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस थाना भून्तर की टीम ने जिया में एक स्टोर से 192 बोतलें अंग्रेजीं शराब, 262 बोतलें देसी शराब व 228 बोतलें बीयर बरामद की हैं । इस सन्दर्भ में राकेश निवासी जिया के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत थाना भून्तर में मामला दर्ज किया गया है। वहीं मंगलवार देर रात पुलिस थाना सैन्ज की टीम ने गुप्त सुचना के आधार पर गिरधारी लाल निवासी गांव देहुरी डाकघर बनोगी तहसील सैन्ज के घर से तलाशी के दौरान 27 बोतलें मार्का संन्तरा बरामद की गई है। आरोपी गिरधारी लाल के विरुद्ध थाना सैन्ज में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ कार्तिकेयन ने शराब के मामलों के दर्ज किए जाने की पुष्टि की है।

# अब नाहन के विला राउंड में लोग फेंक रहे कचरा

**एसपी जैरथ**

**नाहन :** ऐतिहासिक विला राउंड लम्बे अरसे से नगर परिषद की अनदेखी का शिकार होकर रह गया है। यहां सैर पर आने वाले कुछ लोग गंदगी फैलाने में लगे है बहुत युवा यहां पार्टी के नाम पर कचरा डाल रहे है। आस पास के रिहायशी लोग यहां अपने घरों से कचरा गिराने से बाज नही आतेए कुत्ता घूमाने वाले विला राउंड में जैसे अपना मालिकना हक समझते है। आप उनके कु त्त के मामले कुछ नही कह सकते ऐसे लोग किसी भी समय यहां कुत्ता लेकर




आ धमक ते है। नगर परिषद ने आज तक किसी का चालान नही किया। नगर परिषद के कर्मचारी नियमित रूप से साफ सफाई तो करते है लेकिन ज्यादातर कचरा यहीं जला रहे हैं या आसपास डंप कर देते है। लोगों ने गुहार लगाते हुए कहा कि नप प्रशासन को राऊंड की दशा सुधारने के लिए कदम उठाए।

# शिमला लोकसभा सीट : सोलन के सांसदों का दबदबा रहा

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला: हिमाचल** प्रदेश में लोकसभा चुनावों में शिमला संसदीय क्षेत्र में अब तक हुए चुनाव में सोलन जिला के सांसदों का दबदबा रहा है। पिछले 14 लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा 10 बार सोलन जिला के सांसदों ने परचम लहराया। लगातार छह बार सोलन जिला के कसौली के रहने वाले केडी सुल्तानपुरी सांसद बने। सोलन के ही वीरेंद्र कश्यप और धनीराम शांडिल दो-दो मर्तबा यहां से सांसद चुने गए। आगामी 1 जून को होने वाले लोकसभा चुनाव में स्वर्गीय केडी सुल्तानपुरी का बेटा बिनोद सुल्तानपुरी शिमला लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे



हैं। बिनोद सुल्तानपुरी वर्तमान में कसौली के विधायक हैं। यहां उनका मुकाबला भाजपा के सुरेश कश्यप से होंगा। सिरमौर जिला के रहने वाले सुरेश कश्यप शिमला लोकसभा सीट से निवर्तमान सांसद हैं। शिमला संसदीय क्षेत्र में तीन जिलों शिमला, सोलन और सिरमौर की 17 विधानसभा सीटें शामिल हैं। इनमें शिमला जिला की सात और सोलन व सिरमौर की पांच-पांच सीटें आती हैं। शिमला (आरक्षित) लोकसभा सीट वर्ष 1967 में अस्तित्व में आई। इससे पहले यह महासू लोकसभा सीट थी। इस लोकसभा सीट पर अब तक हुए 14 चुनाव में 10 बार सोलन जिला से सांसद बने हैं। सबसे ज्यादा विधानसभा सीटों वाले शिमला जिला से मात्र एक बार सांसद बना और उनका कार्यकाल ढाई वर्ष रहा। सोलन जिला के तीन सांसदों ने 38 साल तक लोकसभा में शिमला संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। लोकसभा शिमला संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक प्रतिनिधित्व सोलन जिला के कृष्ण दत्त सुल्तानपुरी ने किया, जोकि 1980 से 1998 तक छह बार सांसद रहे तथा 18 वर्ष तक क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। सोलन जिला से कर्नल धनीराम शांडिल दो बार सांसद रहे और 10 वर्ष तक का कार्यकाल रहा। वह वर्तमान सुक्खू सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं।

# 1500 रुपए वाला फार्म दूसरी बार भरवाकर महिलाओं को बरगला रहे मुख्यमंत्री

## नए फार्म में शर्तों का अंबार, पात्र महिलाओं की संख्या घटाने का किया प्रयास, भाजपा के संकल्प पत्र में स्वयं सहायता समूहों के प्रोडक्ट की मार्केटिंग करवाएगी मोदी सरकार

**चमन शर्मा**

**शिमला: दिग्गज** भाजपा नेता सुधीर शर्मा ने कहा है कि 1500 रुपए का फ ार्म दूसरी बार भरवाकर हिमाचल की कांग्रेस सरकार महिलाओं को छलने का प्रयास कर रही है। इससे पहले भी महिलाओं के फ ार्म भरवाए गए, लेकिन उन्हें 14 माह बाद भी पैसे नहीं दिए गए। धर्मशाला से बुधवार को जारी वीडियो बयान में सुधीर शर्मा ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस ने महिलाओं को 1500 रुपए की झूठी गारंटी दी थी। पहले तो इस योजना से सरकार अपना पिंड छुड़ाती रही, लेकिन बाद में जब जनता का दबाव बना तो प्रदेश में



सबसे कम संख्या वाली जगह लाहुल को चुना गया, उसके बाद योजना ठंडे बस्ते में डाल दी गई।

होना तो यह चाहिए था कि चुनावी वादे के अनुसार पहली कैबिनेट में सरकार इस योजना की नींव रखतीए लेकिन सुक्खू सरकार ने ऐसा नहीं किया। अब जब देश में लोकसभा के साथ हिमाचल में उपचुनाव भी हैं, तो सरकार दूसरी बार फार्म भरवाने की बात कर रही है। नए फ ार्म में शर्तों का अंबार है। इससे पात्र महिलाओं की संख्या और कम हो जाएगी। सुधीर शर्मा ने कहा कि बड़े दुख की बात है कि सरकार के पास पात्र महिलाओं का आंकड़ा तक नहीं है। वैसे भी हिमाचल की महिलाओं ने सरकार से कोई पैसे नहीं मांगे थे। हिमाचली महिलाएं मेहनती हैं। हिमाचली व देश की महिलाओं के लिए भाजपा के संकल्प पत्र में अपने पैरों पर खड़ा करने का विजन रखा गया है। इसके तहत देश-प्रदेश में जितने भी स्वयं सहायता समूह हैं, उनके उत्पादों की ब्रांडिंग केंद्र सरकार करेगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, रिटेल से लेकर किसी भी क्षेत्र के स्वयं सहायता समूहों की ब्रांडिग भाजपा सरकार करेगी। सुधीर शर्मा ने कहा कि यह मोदी की गांरटी है। देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनने जा रही है।

# .8 मिलियन तक पहुंचा हिमाचली गायक देव ठाकुर का एकमात्र वायरल विडियो

**सराहा**

**8 शिव कैलाशों के वासी एवं पढ़दी चाली शालू आदि अनेक लोकगीतों को लोगों द्वारा विशेष रूप से सराहा गया**

**एसपी जैरथ**

**नाहन: जिला** सिरमौर की भाटकर चाढना पंचायत से संबंध रखता देव ठाकुर संगीत के क्षेत्र में पिछले 6-7 वर्षो से कार्य कर रहा हूं। उन्होंने अनेक पहाड़ी लोकगीत तथा भजन गाए हैं जिनमें मेरी मोइना, भरथरी, नौखरा तेरा, मेरे रामा अयोध्या में



विराजे, शिव कैलाशों के वासी एवं पढ़दी चाली शालू आदि अनेक लोकगीतों को लोगों द्वारा विशेष रूप से सराहा गया है। इसके अलावा हिंदी, पंजाबी गीत भी गाए हैं परन्तु हाल ही में पहचान नेरचौक मंडी में आयोजित एक कार्यक्रम में मिली जहां उनके द्वारा गाये गये हिंदी और पंजाबी सॉन्ग, मात्र 2 दिन में ही 3.8 मिलियन तक पहुंच गया। मात्र 2 दिन में 3.8 मिलियन तक पहुंचने वाला ये हिमाचल का एकमात्र वायरल विडियो है जिससे उन्हें संगीत जगत में एक अलग पहचान मिली है।

# कांग्रेस पार्टी के गुटों ने ईमानदारी से प्रयास किया कि मुख्यमंत्री इस्तीफा दें : जयराम

**चमन शर्मा**

**शिमला: भाजपा** की नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिमला में एक प्रेस वार्ता कर कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोला, कांग्रेस की कल हुई प्रेस वार्ता के एक-एक प्रश्न का जवाब देते हुए जयराम ठाकुर ने कहा मुख्यमंत्री के पास बहुत बड़े बहुमत के बाद भी वो नेताओं को साथ चलने में असफ ल रहे। इसके कई उदाहरण है, राज्यसभा चुनाव के नतीजों के बाद सरकार को सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में अलग-अलग गुट है जिन्होंने ईमानदारी से प्रयास किया कि मुख्यमंत्री इस्तीफ ा दे। आज कांग्रेस पार्टी में बड़ी संख्या में नेता



नेतृत्व परिवर्तन चाहते है, पर लोकसभा चुनावों की वजह से यह संभव नहीं हो पाया। फि र भी मुख्यमंत्री के दाएं-बाएं बैठे नेताओं को हौंसला दिया गया है की लोकसभा चुनाव नतीजों तक इंतजार करो। जयराम ठाकुर ने कल आए सर्वे का जिक्र भी किया है जिसमें भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर 400 पार के लक्ष्य के करीब है और हिमाचल में सभी चार सीटें जीतने का संकेत दिया गया है।

जयराम ठाकुर ने महिला सम्मान निधि का जवाब देते हुए कहा कि हिमाचल में कहांए किसको और कब मिली? विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस नेताओं ने अनेकों फ ॉर्म भरे और अब फि र फ ॉर्म भर हिमाचल की महिलाओं को ठगने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश के बजट में इस योजना का कोई जिक्र तक नहीं हुआ। मुख्यमंत्री दबाव में आए तो 5 मिनट की प्रेस वार्ता में घोषणा कर दी। भाजपा को इस योजना को लेकर कोई आपत्ति नहीं है। कांग्रेस सरकार को सत्ता में आए 15 महीने हो गए हैं लेकिन इस योजना को लागू करने के लिए किसी ने कांग्रेस के हाथ नहीं बांध रखे थे।

जयराम ने कहा की मुख्यमंत्री विचलित है, अब बोल रहे हैं कि इस योजना के 2 महीने अप्रैल और मई 2024 की 3000 रु की राशि महिलाओं के खाते में डालेंगे क्या यह चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन नहीं है? उन्होंने उपमुख्यमंत्री का जवाब देते हुए कहा कि ऐसी क्या आवश्यकता आन पड़ी कि मुकेश बोल रहे हैं कि सरकार स्थिर है, अगर उन्होंने सरकार बनाने के आंकड़े देखने हैं तो राज्यसभा के नतीजे देख ले यह साफ आंकड़े दिखाएंगे। हाल ही में कांग्रेस नेताओं ने बड़े कदम उठाए और सरकार के खिलाफ दिखाकर वोट डालाए यह सरकार की सीधी सीधी नाकामी है। जब सीएम ने जन प्रतिनिधियों को उचित स्थान ही नहीं दिया और मुख्यमंत्री के दोस्त कैबिनेट दर्जे के साथ सरकार चला रहे हैं तो यह तो होना ही था।

# माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार पहुंचे अनुराग ठाकुर

**राजन पुरी**

**ऊना: केंद्रीय** मंत्री अनुराग ठाकुर रामनवमी के पवित्र पावन अवसर पर माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार पहुंचे और माता की विधिवत पूजा अर्चना करते हुए पावन पिंडी के दर्शन किए। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बलबीर चौधरी भी उनके साथ मौजूद रहे। माता चिंतपूर्णी मंदिर में पहुंचे केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने देशवासियों को जहां रामनवमी की बधाई दी, वहीं युवा वर्ग का धर्म के प्रति विशेष रूप से रूझान बढ? को सकारात्मक भी बताया। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के समग्र विकास के साथ-साथ विरासत को संभालने का काम किया है। इसी के चलते आज देश का युवा देश के विकास में भागीदार बनने के साथ-साथ सनातन की रक्षा के लिए खड़ा है। उन्होंने कहा कि



आज देश के सभी मंदिरों को विशेष रूप से संवारकर धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया गया है। जिसके चलते प्रतिवर्ष विदेश से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक यहां पर आ रहे हैं और देश में रोजगार और रोजगार के पर्याप्त अवसर मिल रहे हैं।

केंद्र सरकार महिलाओं को सम्मान, तो कांग्रेस दे रही झूठी गारंटी

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार ने नारी शक्ति को विशेष रूप से सम्मान प्रदान करने के लिए अनेकों योजनाएं चलाई चाहे वह उज्ज्वला योजना हो, शौचालय बनाकर देने की बात हो या फिर देश में चार करोड़ घर बनाकर देना हो, जिनमें से तीन करोड़ सीधे तौर पर बहनों के नाम पर हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन योजना के तहत महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दिया है। दूसरी तरफ कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में सत्ता हासिल करने के लिए 23 लाख महिलाओं को प्रति माह 1500 रुपये देने का ऐलान किया था।

लेकिन सरकार का गठन होने के 14 महीने बाद भी किसी भी महिला को 1500 रुपये नहीं दिए जा सके। उन्होंने कांग्रेस से सवाल किया कि जिस काम को पहले ही कैबिनेट में करने का फैसला लिया गया था उसे 14 महीने बाद भी लागू क्यों नहीं किया जा सका।

## संक्षिप्त खबरें

### आज विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगीइ

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** सहायक अभियन्ता, विद्युत उपमण्डल नम्बर-2 ई. सुनील शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्युत अनुभाग सौली खड्ड के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्र शिल्लाकिपर, बिन्द्रमनी, कुआरी, बनौट, होटल रोटी, ईसीएचएस नेला के आस-पास क्षेत्रों में 18 अप्रैल को प्रात: 10 बजे से सांय 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दिन विभाग द्वारा नेशनल हाईवे में आने वाली उच्चतम आवेग की लाईनों को स्थानातंरित करने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बारिश होने के करण यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है ।

### 17 .6 लाख से अधिक भारतीय कारीगरों और बुनकरों का समर्थन करते हुए फ्लिपकार्ट समर्थ मना रहा है विश्व कारीगर दिवस

**शिमला: भारत के** आर्थिक परिदृश्य की विविधतामें कारीगर, बुनकर और शिल्पकार वो रंगीन धागे हैं, जो राष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान करते हैं। पारंपरिक शिल्प को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में इन महिलाओं और सूक्ष्म उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए भारत के घरेलू ई-कॉमर्स बाजार फ्लिपकार्ट ने उनके सशक्तीकरण और उत्थान के लिए प्रतिबद्धता जताई है। 2019 में लॉन्च किया गया फ्लिपकार्ट समर्थ कार्यक्रम अब अपने 5वें वर्ष में भारत भर के दस लाख से अधिक कारीगरों, बुनकरों और शिल्पकारों के लिए आशा और प्रगति की किरण के रूप में खड़ा है।विश्व कारीगर दिवस के अवसर पर फ्लिपकार्ट ने वंचित समुदायों को सशक्त बनाने, स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर ग्राहकों से जोड़ने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती दी है। फ्लिपकार्ट समर्थ ने कार्यक्रम के उल्लेखनीय प्रभाव को उजागर करते हुए पिछले वर्ष व्यवसायों को 300% बढ़ने में मदद की। 50करोड़ से अधिक ग्राहकों को अखिल भारतीय बाजार तक पहुंच प्रदान करके फ्लिपकार्ट कारीगरों के सपनों को ई-कॉमर्स सेक्टरके साथ एकीकृत करता है। यह पहल सामाजिक कल्याण के प्रति फ्लिपकार्ट के समर्पण की प्रतीक है।यहां एक ऐसे भविष्य की कल्पना है जहां हर कारीगर की क्षमता का जश्न मनाया जाएगा और उसका पोषण किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश की तीन महिला कारीगरों रितु देवी, कौशल्या देवी और रामकली ने हिमाचल प्रदेश में सशक्तीकरण और लचीलेपन की कहानी बुनी है।राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन और फ्लिपकार्ट समर्थ द्वारा समर्थित उन्होंने वित्तीय आजादी प्राप्त करते हुए ऊनी शिल्प में अपने पारंपरिक कौशल को एक टिकाऊ व्यवसाय मॉडल में बदल दिया।शुरूआत में कुल्लू के छोटे स्थानीय बाजारों तक सीमित, एनयूएलएम और फ्लिपकार्ट समर्थ के साथ उनके सहयोग ने देश भर में बाजार तक पहुंच दी,जिससे उनकी आजीविका में काफी सुधार हुआ।शॉल, टोपी, मफलर, पारंपरिक शीतकालीन परिधान और प्रसिद्ध हिमाचली टोपी जैसे हस्तनिर्मित ऊनी परिधानों में विशेषज्ञता के साथ उनके उत्पाद अब पूरे भारत में ग्राहकों तक पहुंचते हैं।स्थानीय दुकानों से एक विस्तृत ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म में बदलाव ने न केवल उनके व्यवसाय का विस्तार किया है, बल्कि उनकी सामुदायिक प्रतिष्ठा भी बढ़ाई है।उनकी सफलता ने उनके समुदाय की अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों में शामिल होने और वित्तीय स्वतंत्रता की दिशा में समान मार्ग अपनाने के लिए प्रेरित किया है। रितु, कौशल्या और रामकली शक्ति और प्रेरणा की किरणें बन गई हैं,जो इस बात का उदाहरण हैं कि कैसे पारंपरिक कारीगर फ्लिपकार्ट जैसे ऑनलाइन बाजारों के साथ अपने पारंपरिक शिल्प को एकीकृत करके फल-फूल सकते हैं।इस विश्व कारीगर दिवस पर हम अपने कारीगर विक्रेताओं के लचीलेपन, रचनात्मकता और सफलता की कहानियों को उजागर करते हैं। फ्लिपकार्ट समर्थ कार्यक्रम के माध्यम से हम भारत के कारीगरों के उल्लेखनीय योगदान को उजागर करते हुए एक समावेशी, न्यायसंगत और समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### वोडाफोन आइडिया लिमिटेड का 18,000 करोड़ का फर्दर पब्लिक ऑफरिंग गुरुवार 18 अप्रैल, 2024 को खुलेगा

**शिमला: वोडाफोन आ**इडिया लिमिटेड,गुरुवार,18 अप्रैल, 2024 को इक्विटी शेयरों की अपनी फर्दर पब्लिक ऑफरिंग ("एफपीओ") के संबंध में अपनी बोली/प्रस्ताव खोलेगी।कुल ऑफर साइज में ? 1,80,000 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू शामिल है।ऑफर का प्राइस बैंड ? 10 से ? 11 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है।बोली न्यूनतम 1,298 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 1,298 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है।एंकर निवेशक बोली की तारीख मंगलवार, 16 अप्रैल, 2024 होगी।

बोली/प्रस्ताव सदस्यता के लिए गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024 को खुलेंगे और सोमवार, 22 अप्रैल, 2024 को बंद होंगे।11 अप्रैल, 2024 के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए गए इक्विटी शेयरों को स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। कंपनी को 8 अप्रैल, 2024 के प्रत्येक पत्र के अनुसार इक्विटी शेयरों की लिस्टिंग के लिए बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड से 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्राप्त हुआ है।ऑफर के प्रयोजनों के लिए, एनएसई को नामित स्टॉक एक्सचेंज रखा गया है।

# 1 अप्रैल, 2024 को 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले 4 मई तक बनाएं वोट

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** एसडीएम ने कहा कि एक अप्रैल, 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा आगामी 4 मई तक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकते हैं। इसके लिए वे चुनाव आयोग के ऑनलाइन पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन ऐप को स्मार्टफ ोन में डाउनलोड कर सकते हैं या फि र अपने बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के पास जाकर भी निर्धारित प्रपत्र भरकर नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकते हैं।

सेल्फ ी प्वाइंट के प्रति मतदाताओं में खासा उत्साह

लोकतंत्र के इस महापर्व से ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को जोडने.के लिए मतदाता जागरूकता शिविरों के दौरान सेल्फी प्वाइंट भी स्थापित किये जा रहे हैं। इन सेल्फी प्वाइंट के प्रति मतदाताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। ग्रांम पंचायत लोअर भ्लान, गौंटा की 81 वर्षीय मनसा देवी ने सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट के साथ सेल्फी ले कर लोगों को जागरूक किया। मतदाता सेल्फी लेकर आगामी 1 जून को मतदान में भाग लेने का भी प्रण ले रहे हैं। कार्यक्रम में गौंटा पंचायत के महिला मण्डलों द्वारा गीत, संगीत, नृत्य, भाषण व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया।

# स्वाति ने की आयोजित मतदान जागरूकता शिविर की अध्यक्षता

## मतदाताओं से लोकसभा चुनाव में बढ़.-चढकर मतदान करने का किया आह्वान

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** सरकाघाट विधान सभा क्षेत्र की सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा की अध्यक्षता में मतदान केंद्र 25 गौंटा में आज सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत मतदान जागरूकता शिविर आयोजित किया गया जिसमें लगभग 200 लोगों ने भाग लिया। एसडीएम ने शिविर में आगामी 1 जून को होने जा रहे आम लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं से बढ़-चढक? भाग लेने का आह्वान किया । उन्होंने कहा कि मतदान में सभी लोगों की भागीदारी से न केवल सरकाघाट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का मतदान प्रतिशत बढ़ेगा बल्कि लोकतंत्र को मजबूती भी मिलेगी। सहायक निर्वाचन अधिकारी स्वाति डोगरा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आम लोकसभा चुनाव-2019 में कम मतदान प्रतिशत दर्ज करने वाले मतदान केंद्रों के लिए चुनाव आयोग ने मिशन 414 की शुरूआत की है जिसमें मतदान वाले मतदान केंद्रों में मत प्रतिशतता बढ़ाने के लिए विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में देश के नागरिकों को मतदान के माध्यम से अपनी मनपसंद सरकार चुनने का अधिकार दिया गया है।

# जट्टपुर में टक्कर के बाद कार के नीचे दबा युवक

**राजन पुरी**

**ऊना:** पुलिस चौकी संतोषगढ़ के तहत जट्टपुर में एक कार अनियंत्रित होकर सडक किनारे जा रहे युवक को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार पलट गई और युवक नीचे दब गया। स्थानीय लोगों की मदद से युवक को बाहर निकालकर उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया गया। वहीं पुलिस ने घायल युवक के चाचा की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सुभाष चंद निवासी जट्टपुर ने बताया कि मंगलवार शाम अपनी दुकान में था, तो इसी दौरान सडक से गुजर रहे भतीजे दिवांश शर्मा को एक कार ने टक्कर मार दी।

# रूमसू शरन गांव में विशेष चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू:** नग्गर मेडिकल ब्लॉक में कार्यांवित संस्था हंस फ ाउंडेशन की मोबाईल मेडिकल यूनिट 2 ने 16 अप्रैल को रूमसू शरन गांव में रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। साथ ही स्वस्थ शरीर के दौरान बाउल केंसर के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया। स्वास्थ्य शिविर के दौरान 40 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य निरीक्षण किया गया व आवश्यक अनुसार लैब टेस्ट भी किए गए। साथ ही लोगों को दवाइयां भी वितरित की गई। इस मौके पर मोबाइल मेडिकल यूनिट 2



में डॉ निशांत शर्मा, लेब टेकनीशियन रोहित सिंह व फार्मासिस्ट तानिया भारद्वाज और प्रवीण मौजूद रहे।

लोगों के द्वारा हंस फ ाऊंडेशन की इस अनूठी मुहिम की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को संचालित करते रहने की स्वीकृति दी है।अंत में पंचायत सदस्यो ने सभी टीम का धन्यवाद किया।

# लालसिंगी में प्रवासी महिला ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**राजन पुरी**

**ऊना:** पुलिस थाना ऊना के तहत लालसिंगी में करीब 36 वर्षीय प्रवासी महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान वीना पत्नी वीरपाल निवासी रतनपुर कलां जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है, जो कि लालसिंगी स्थित झुग्गी में रहती थी। ऊना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

साथ ही अगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक पुराना होशियारपुर रोड़ लालसिंगी स्थित एक झुग्गी में बुधवार सुबह वीना का शव स्थानीय पड़ोसियों ने देखा।

# अंडर-19 क्रिकेट टीम के चयन को हुआ ट्रायल

## जिला ऊना के करीब 60 खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा



**राजन पुरी**

**ऊना: ऊना** जिला मुख्यालय के इंदिरा गांधी खेल परिसर में बुधवार को जिला क्रिकेट संघ द्वारा अंडर-19 क्रिकेट टीम के चयन को लेकर ट्रायल का आयोजन किया गया। जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मदन पुरी की अध्यक्षता में हुए इस ट्रायल के दौरान खेल प्रशिक्षकों में अशोक ठाकुर और अंकुश बेदी ने युवा खिलाड़ियों के हुनर को परखा। खेल प्रशिक्षकों ने बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी और विकेट कीपिंग में भी खिलाड़ियों की परीक्षा ली। जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष से मदन पुरी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा 28 अप्रैल को प्रदेश स्तरीय अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिला की टीम गठित की जाएगी। उन्होंने बताया कि

**हुनर को परखा**

8 इस ट्रायल के दौरान खेल प्रशिक्षकों में अशोक ठाकुर और अंकुश बेदी ने युवा खिलाड़ियों के हुनर को परखा

करीब 60 खिलाड़ियों ने इस ट्रायल प्रक्रिया में भाग लिया है। जिनमें से अनुज कंवर, अर्पित सिंह, आदित अरोड़ा, रोहित संधू, रीतिक, विनायक कपिला, प्रशिक्षित, सक्षम शर्मा, सक्षम, शिवांग शांडिल, गुरवंश, दशमेश ठाकुर, मनीष शर्मा, अभय, सत्यम अटवाल, वृधन, हर्ष शर्मा, प्रियांक, अहम सहोता, अर्थव सचदेवा, रीतिश कौशल, श्रृदुल शर्मा, काविश सैणी, नमिश, कार्तिकेय शर्मा, सक्षम धीमान, राघव शर्मा, देवांश, बृधन व भरत शर्मा का चयन किया गया।

# ताले तोड़ कर लाखों के गहने व नगदी चोरी

## शिकायत के बाद पुलिस ने घटनास्थल पहुंच कर शुरू की जांच

**राजन पुरी**

**ऊना: जिला** मुख्यालय के साथ लगते रामपुर गांव में अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखो रुपये गहने सहित नगदी पर हाथ साफ किए है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले। चोरी की घटना से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार रामपुर निवासी एमएम गर्ग परिवार सहित अपने बेटे के पास गए हुए थे, जबकि घर पर ताला लगा हुआ था। मंगलवार रात्रि को



अज्ञात चोर ताले तोडकर घर में प्रवेश किया। घर के अंदर अलमारियों के ताले तोडकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। एमएस गर्ग के भाई जब बुधवार सुबह घर में बंधे कुत्ते को खाना डालने आए, तो घर के ताले टूटे देखे। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना अपने भाई एमएम गर्ग को दी। सूचना मिलते ही एमएम गर्ग अपने बेटे के साथ अपने घर में पहुंच गए। वहीं सूचना मिलते ही ऊना पुलिस टीम भी घटना स्थल पर पहुंची। चोरों ने घर में सारा सामान बुरी तरह से बिखरा हुआ है। पुलिस आसपास क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे भी खंगालने में जुटी हुई है।

चोरी की घटना से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि चोरों को पहले से ही आभास था कि घर के मालिक कहीं बाहर गए है और घर पूरी तरह से खाली है। पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस मामले को लेकर कार्रवाई में जुटी हुई है।

# पंजाब रोड़वेज ने कुचली महिला, पीजीआई रेफर

**राजन पुरी**

**ऊना:** आईएसबीटी ऊना में पंजाब रोडवेज बस की चपेट में आने से 55 वर्षीय महिला की टांग फेक्चर हो गई। गंभीर हालत में महिला को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना से पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक पार्वती देवी पत्नी हरजीत सिंह निवासी वार्ड नंबर पांच, अप्पर बसाल बुधवार सुबह ऊना सामान लेने आई थी। आईएसबीटी में बस से उतरने के बाद पंजाब रोडवेज ने महिला को कुचल दिया। हादसे में महिला का एक पांव बुरी तरह से कुचल हो गया। लहूलुहान हालत में महिला को 108 एंबुलेंस की मदद से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में लाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया।

# बंगाणा में निकाली श्री राम की शोभायात्रा, सैंकड़ों भक्तों ने नंगे पांव चलकर लिया हिस्सा

## लाठियानी से शुरू हुई शोभायात्रा बंगाणा से होते हुए पहुंची चामुक्खा मंदिर

**राजन पुरी**

**ऊना: उपमंडल** बंगाणा की प्रभु श्री राम समिति बंगाणा की तरफ से श्री राम नवमी यानी प्रभु श्री राम जी के जन्म दिवस पर प्रभु श्री राम जी की बाल स्वरूप की झांकी निकाली। साथ में श्री राम जी के परम सेवक वीर हनुमान जी के स्वरूप झांकी में दिखाया गया। यह झांकी लाठियानी से शुरू हुई, जो तनोह, मलांगड़, धुंधला,



बंगाणा, ठंडी खुई से बंगाणा चौक पर खत्म हुआ। जहां पर दर्जनों विद्वानों द्वारा मंत्रो उच्चारण से प्रभु श्री राम जी की शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान विशाल भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। प्रभु श्री राम जी की झांकी में सैंकड़ो भक्तो ने साथ चलकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। श्री समिति बंगाणा के सौजन्य से निकली श्री राम जी की शोभा यात्रा जैसे ही बंगाणा बाजार में पहुंची। सभी दुकानदार नंगे पांव दौडकर प्रभु श्री राम जी के आशीर्वाद के लिए सडको पर आए। वही प्रभु श्री राम जी की शोभा यात्रा में बैंड बाजे पंजाबी ढोल और डीजे की धुन पर बंगाणा चौक पर खूब भक्त जन थिरके। प्रभु श्री राम जी की शोभायात्रा में दर्जनों विभिन्न राजनैतिक विचार धाराओं के नेता व कार्यकर्ता जय श्री राम के नारो के साथ शोभायात्रा का हिस्सा बने हुए थे। श्री राम सेवा समिति के सदस्य अजय ठाकुर एवं प्रशांत का कहना है कि प्रभु श्री राम जी में देश के हर व्यक्ति की आस्था है। हमारा उद्देश्य केवल प्रभु श्री राम जी की मर्यादाओं को घर घर पहुंचाना है, ताकि आज के समय में प्रभु श्री राम जी के बताए सदमार्ग पर हर व्यक्ति चले।

# 18 माह बाद पूर्व विधायक राकेश कालिया की हुई घर वापसी

**राजन पुरी**

**ऊना: गगरेट** विधानसभा क्षेत्र से आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक राकेश कालिया की 18 महीने बाद कांग्रेस पार्टी में वापसी हो गई है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला ने उन्हें पार्टी का पटका पहना कांग्रेस में आने पर उनका स्वागत किया। गगरेट विधानसभा उपचुनाव में अब राकेश कालिया पर कांग्रेस दाव खेल सकती है।

वर्ष 2022 में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने राकेश कालिया का टिकट काट कर चैतन्य शर्मा को



चुनाव मैदान में उतारा था। जिस पर नाराजगी जताते हुए राकेश कालिया ने भाजपा का दामन थाम लिया था। चैतन्य शर्मा चुनाव जीत गए थे। प्रदेश में राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के बाद स्पीकर द्वारा चैतन्य शर्मा को अयोग्य करार दिया गया। अब यहां एक जून को उपचुनाव होना है। कांग्रेस के बागी चैतन्य शर्मा को भाजपा ने गगरेट से प्रत्याशी बनाया है। चैतन्य ने जिस दिन भाजपा की सदस्यता ग्रहण की, राकेश कालिया ने उसी दिन भाजपा को अलविदा कह दिया था। उन्होंने अब कांग्रेस में घर वापसी की है। चर्चा है कि पार्टी उन्हें गगरेट से कांग्रेस प्रत्याशी घोषित कर सकती है।

# भाजपा ने कांग्रेस की योजनाओं को अपना बताकर किय प्रचारः संदीप सांख्यान

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः बिलासपुर** में पत्रकारों से रूबरू होते हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता एवं लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत बनाए गए मीडिया कॉर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने कहा कि केंद्र में दो टर्म राज कर चुकी एनडीए सरकार ने इस कार्यकाल मे केवल यूपीए सरकार की योजनाओं का नाम बदलकर जनता को भ्रमित करने का काम किया है जबकि इस सरकार ने एक भी योजना ऐसी नहीं चलाई जिस पर वे गर्व कर सके। उन्होंने कहा कि करीब चालीस ऐसी योजनाएं हैं जिसका एनडीए सरकार ने सिर्फ नाम ही बदला है। जिनमें यूपीए का निर्मल भारत अभियान का नाम बदल कर स्वच्छ भारत अभियान कियाए राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन का नाम बदलकर दीनदयाल अंतोदय योजना, राष्ट्रीय विनिर्माण नीति का नाम बदलकर मेक इन इंडिया, बीपीएल परिवारों को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन का नाम बदलकर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम को पीएम सिंचाई योजना आदि शामिल है। उन्होंने लोक सभा में चुनावों भाजपा की ओर से जगह-जगह घूम रहे प्रत्याशियों से प्रश्न किया है कि आखिर में किस मुंह से यूपीए की योजनाओं का गुणगान कर रहे हैं। वर्तमान युग डिजीटल युग है तथा अधिकांश मतदाताओं के हाथ में स्मार्ट फ ोन है ऐसे में गूगल पर सब आंकड़े उपलब्ध हैं तथा देश व प्रदेश की जनता पढ़ी लिखी और जागरूक है। वहीं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर की कार्यशैली का आड़े हाथों लेते हुए मीडिया कॉर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने कहा कि चुनाव विकास के दम पर लड़े और जीते जाते हैं। लेकिन केंद्रीय खेल मंत्री अब क्रिकेट सेलेब्रिटियों के सहारे चुनावी वैतरणी पार करने की फिराक में है। उन्होंने कहा कि ऐसी नौटंकियों पर करोड़ों पानी की तरह बहाए जा रहे हैं लेकिन विकास के मामले में भाजपा के नेताओं के मुंह सिल गए हैं। उन्होंने कहा कि हॉकी खेल के लिए वर्तमान में एस्ट्रोटर्फ बहुत आवश्यक है लेकिन डाइमेंशन का बहाना लगाकर पल्ला झाडने वाले भाजपा नेताओं को चाहिए कि कांग्रेस सरकार की अनमोल देन कहलूर खेल परिसर में इतनी जगह है कि वह एस्ट्रोटर्फ की सभी जरूरतों को पूरा कर सकती है। केंद्रीय खेल मंत्री को चाहिए कि वे बताएं कि बिलासपुर में जलए थल और नभ की खेलों में उन्होंने क्या-क्या उपलब्धियां अर्जित की हैं। यही नहीं केंद्र सरकार ने बिलासपुर में खेलों के लिए कितना बजट लाए हैं या खर्च किया है। अपने पसंदीदा खेल क्रिकेट में भी इन्होंने राजनीति ही की है। बिलासपुर क्रिकेट स्टेडियम में एक नई ईंट तक नहीं लगी है। जो मूलभूत सुविधाएं कांग्रेस के कार्यकाल में थी वहीं सुविधाएं अब भी है। धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम का हर बार रोना रोने वाले भाजपा नेता बिलासपुर क्रिकेट के लिए क्या कर पाए है, कृप्या सार्वजनिक करें।



# भाजपा ने लोस चुनावों के मद्देनजर बिलासपुर में खोला कार्यालय

**प्रक्रिया**

**8 एक जून को अंतिम चरण में मतदान होगा। चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया मई माह में होगी।**

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः लोकसभा** चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के गृह जिला बिलासपुर में प्रचार अभियान को बेहतर ढंग से अमलीजामा पहनाने के उद्देश्य से चुनाव कार्यालय स्थापित किया है। बुधवार को रामनवमी पर्व पर बिलासपुर शहर के रौड़ा सेक्टर स्थित पार्टी कार्यालय में विधिवत रूप से पूजाण्अर्चना और हवन यज्ञ करने के बाद सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल और भाजपा के जिला अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान ने चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाने के साथ ही जिला स्तर पर भाजपा की अन्य सभी गतिविधियां इसी कार्यालय से संचालित होंगी। हिमाचल में लोकसभा चुनाव के तहत एक जून को अंतिम चरण में मतदान होगा। चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया मई माह में होगी। उसके बाद चुनाव प्रचार को लेकर बिलासपुर में भी भाजपा के राष्ट्रीय स्तर के कई नेताओं की रैलियां होने की संभावना है।



## सी-विजिल ऐप पर कर सकते हैं आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

**धर्मशाला**

**चुनावों** के दौरान आदर्श आचार संहिता की उल्लंघन करने वालों की शिकायत सी-विजिल ऐप के माध्यम से दर्ज की जा सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी हेम राज बैरवा ने बताया कि सभी लोग सीविजिल डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट आईएन या एंड्रॉयड फोन पर प्ले स्टोर के माध्यम से आसानी से डाउनलोड कर सकते हैं। इसके जरिये आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन और रुपयों के लेनदेन की शिकायत मौके से साक्ष्य के साथ भेजी जा सकती है। सी-विजिल एप में वीडियो-फोटो के साथ दर्ज शिकायत का अधिकतम 100 मिनट के भीतर निपटारा तय बनाया

# घंडीर में संविधान निर्माता बाबा साहेब को किया याद

**एक सूत्र में पिरोया**

**8 संविधान हमारे देश के लोकतंत्र की मजबूत नींव और शक्तिशाली रीढ़ की हड्डी है**

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः संविधान** हमारे देश के लोकतंत्र की मजबूत नींव और शक्तिशाली रीढ़ की हड्डी है, जिसके आधार पर हमारे देश की सुख-समृद्धि, शान्ति, भाईचारा और राष्ट्र का विकास टिका हुआ है। यह संविधान ही तो है जिसने देश में सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विभिन्नताओं के होने के बावजूद भी देश को एकता के सूत्र में पिरोया हुआ है। यह विचार श्रीश्री 108 संत गुप्ता नंद जी महाराज ने मुख्य अतिथि के रूप में संत शिरोमणि गुरू रविदास जी महाराज मन्दिर कमेटी गण्ढीर के सौजन्य से आयोजित संविधान निमार्ता एवं भारत रत्न महान कानून शिक्षाविद डाक्टर भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर बोलते हुए ये विचार प्रकट किए। जयन्ती समारोह के पावन अवसर पर संविधान शिल्पी भारत रत्न भीमराव अंबेडकर के चित्र पर मुख्य अतिथि और समाजसेवी एवं शिक्षाविद् प्रोफेसर खजान सिंह धीर सहित उपस्थित महानुभावों ने पुष्पांजलि तथा श्रद्धांजलि अर्पित की और जन समूह को संबोधित करते हुए धीर ने कहा कि संविधान में वर्णित कानून के कारण ही समाज में ऊंच-नीच, अमीर-गरीब, छोटे-बड़े की खाइयों को काफी हद तक कम करने में मदद मिली है जिसके आधार पर ही देश तीव्र गति से विकास की नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। जयन्ती समारोह को कमेटी के प्रधान ज्ञान सिंह गम्भीर तथा महासचिव परमेश्वरी लाल बंगला, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी देव राज भाटिया, कैप्टन राम सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के समापन समारोह के उपरांत संगत के लिए अटूट लंगर का प्रबंध भी किया गया।



## संक्षिप्त खबरें

### पेखूबेला में सट्टा लगाते एक काबू

**राजन पुरी**

ऊना: पुलिस थाना मैहतपुर के तहत पेखूबेला में पुलिस ने एक व्यक्ति को सट्टा लगाते हुए काबू किया है। जिसके पास से पुलिस ने नगदी भी बरामद की है। जानकारी के मुताबिक मैहतपुर पुलिस मंगलवार रात्रि पेखूबेला में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने सुरजीत सिंह निवासी वार्ड नंबर चार, बहड़ाला के कब्जा से पर्ची दडड़ा सटटा व 810 रुपये की नगदी बरामद की है। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने सट्टा लगाने के आरोप सुरजीत सिंह के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत **मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

### बाथड़ी में पीर के दरबार में मेला 21 को

**ऊ राजन पुरी**

**हरोली** विधानसभा क्षेत्र के तहत बाथड़ी में लखदाता पीर जी का जन्म दिवस 21 अप्रैल को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर 19 अप्रैल को शोभायात्रा निकली जाएगी। 21 अप्रैल को सुबह झंडा रस्म के बाद कीर्तन व दोपहर को भंडारा का आयोजन किया जाएगा। दो बजे लखदाता पीर जी का केक काटा जाएगा। दरबार सेवदार खुशी राम ने बताया कि दो दिवसीय सालाना जोड़ मेले के कार्यकम का आयोजन किया रहा है। डालेवाल से मूलराज एंड पार्टी बाबा जी का गुणगान करेगी और सोनू भगत देनोवाल गढ़शंकर वाले विशेष रूप से पहुंच रहे है।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने नई इनोवा हाईक्रॉस पेट्रोल जीएक्स (ओ) ग्रेड लॉन्च की

**शिमला:** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने इनोवा हाईक्रॉस जीएक्स (ओ) पेट्रोल संस्करण में एक नए ग्रेड की शुरूआत की घोषणा की। इनोवा हाइक्रॉस लाइन अप का नवीनतम संयोजन 10 से अधिक उन्नत आराम और प्रौद्योगिकी सुविधाओं का दावा करता है जिससे उन ग्राहकों के लिए मूल्य प्रस्ताव का स्तर बढ़ जाता है जो अधिक की तलाश में हैं। इनोवा हाईक्रॉस जीएक्स (ओ) ग्रेड की बुकिंग खुली हुई है और डिलीवरी 15 अप्रैल 2024 से शुरू होने की उम्मीद है।जीएक्स (ओ) ग्रेड 7 और 8 सीट वाले विकल्पों में पेश किया गया है। यह सात गतिशील रंगों में उपलब्ध है, ब्लैकिश एजहा ग्लास फ्लेक,प्लैटिनम व्हाइट पर्ल,एटीट्यूड ब्लैक मीका,स्पार्कलिंग ब्लैक पर्ल क्रिस्टल शाइन,सिल्वर मेटालिक,सुपर व्हाइट और अवंत गार्डे ब्रोन्ज मेटैलिक। सबरी मनोहर वाइस प्रेसिडेंट, बिक्री सेवा प्रयुक्त कार व्यवसाय,टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा कि टीकेएम में हम लगातार बाजार की जरूरतों को सुन रहे हैं और इस प्रकार यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हम जो भी वाहन पेश करते हैं वह हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप हो। नई इनोवा हाईक्रॉस पेट्रोल जीएक्स (ओ)ग्रेड इस दर्शन का एक प्रमाण है जो विलासिता और दक्षता की भावना को सावधानीपूर्वक मिश्रित करते हुए बेहतर आराम और उन्नत तकनीक प्रदान करता है। जबकि प्रदर्शन शीर्ष श्रेणी का बना हुआ है,10 से अधिक फीचर्स उन ग्राहकों के साथ दृढ़ता से प्रतिध्वनित होने की उम्मीद है जो अपनी विकसित जीवनशैली आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से एक आकर्षक प्रस्ताव के साथ पूरी तरह से लोडेड पेट्रोल रूपांतर की तलाश में हैं।

### रियलमी ने 15,999 रुपये के शुरूआती मूल्य में सेगमेंट में सबसे अच्छी परफॉर्मेंस और डिस्प्ले के साथ रियलमी पी सीरीज 5जी लॉन्च की

शिमला: भारत के सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने अपनी लेटेस्ट रियलमी पी सीरीज में 5जी स्मार्टफोन - रियलमी पी-1 प्रो 5जी और रियलमी पी-1 5जी लॉन्च किए हैं। ये दोनों अत्याधुनिक डिवाइस अपनी शानदार परफॉर्मेंस और असाधारण यूजर अनुभव के साथ मिड-रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट में हलचल मचा देंगी। ये भारतीय ग्राहकों को फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होंगी। नई पी सीरीज के साथ रियलमी अपना रियलमी पैड 2, वाई-फाई वैरिएंट और रियलमी टी110 बड्स भी लॉन्च करेगा। नई रियलमी पी सीरीज 5जी परफॉर्मेंस और डिस्प्ले के मामले में सर्वश्रेष्ठ होने के साथ शक्ति का प्रतिनिधित्व करती है। इन स्मार्टफोन्स का डिजाइन रियलमी के डीएनए के अनुरूप बोल्ड और बाजार में नया है, जो यूजर्स को मोहित कर देगा। रियलमी पी1 5जी में शक्तिशाली मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7050 5जी चिपसेट, 120हर्ट्ज़.एमोलेड डिस्प्ले, 45वॉट सुपरवूक चार्जिंग और 5000अँ की शक्तिशाली बैटरी दी गई है। जबकि रियलमी पी1 प्रो 5जी में ओआईएस के साथ 50 मेगापिक्सल का सोनी लाइट-600 कैमरा, 120हर्ट्ज़.कर्व्ड विजन डिस्प्ले, 45वॉट सुपरवूक चार्ज के साथ 5000अँ की शक्तिशाली बैटरी और क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 6 जेन 1 5जी चिपसेट है। स लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, हमें रियलमी पी सीरीज 5जी पेश करने की खुशी है।





# भाजपा लोअर मंडल श्री नयना देवी जी ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

## खरकड़ी से रामस्वरूप, धलेत से मदन लाल को जिम्मेदारी दी गई

**जिम्मेवारी**

**8 राजेन्द्र सिंह, जण्डौरी से कमलेश राणा तथा कनफारा से गुरबचन दौलू को मण्डल कार्यकारिणी का सदस्य बनाया**

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः भारतीय** जनता पार्टी मण्डल श्री नयनादेवी जी (लोअर) अध्यक्ष बालकृष्ण ठाकुर ने श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा व अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं से चर्चा करने के उपरान्त लोअर मण्डल कार्यकारिणी का विस्तार कर दिया। उन्होंने खरकड़ी से रामस्वरूप, धलेत से मदन लाल, टरवाड से बुद्धराम, नीलां से रामनाथ, श्री नयना देवी जी से संतोष कुमार, थापना से तेलू राम, बैहल से प्रेम लाल पम्मी, म्योठ से सरवण सिंह, ज्योर से सरवण ठाकुर, तनबौल से पूर्व बीडीसी सदस्य जगदीश, धनस्वाई से अमर सिंह ठाकुर, भुवाई से चरण कौर, सलोआ से पूर्व बीडीसी सदस्य सरस्वती देवी, खुलवीं से निर्मला देवी, रौणा से चेत राम, भाखड़ा से विजय चंदेल, माकड़ी से भूपेन्द्र वर्मा, सलोआ से दिनेश कुमार सोनू, स्योता तनबौल से गंगा देई,माकड़ी से कुशल किशोर, सरनी से अमर सिंह, सुनण से प्रेम लाल शर्मा, गरा-बघेरी से रामकुमार शर्मा, मजारी से हरपाल सिंह फ ौजी, खुलवीं से रामचंद, भारसड़ा से रणजीत सिंह, टरवाड़ से सुंका राम, स्वाहण से अर्जुन सिंह, धारकांसी से चेत राम शर्मा, तनबौल से रामसिंह, नकराणा से राजकुमार, खाल टिब्बा से मदन लाल, ऑलिण्डा से राजेन्द्र सिंह, जण्डौरी से कमलेश राणा तथा कनफारा से गुरबचन दौलू को मण्डल कार्यकारिणी का सदस्य बनाया। बालकृष्ण ठाकुर ने बताया कि भुवाई से चमन ठाकुर को बुद्धिजीवी, बडोह से मदन लाल शर्मा को सेवानिवृत कर्मचारी, बैहल से प्रमोद कुमार को चिकित्सक, धरा से ज्ञान सिंह को परिवहन, नकराणा से लाल सिंह को सहकारिता, दौलाधार से चरण दास को मछुआरा, झिडि ?ं से भाग सिंह को व्यापार, धलेत से लछमण दास को गौ-संबर्द्धन, खुलवीं से सुखदेव चंदेल को विस्थापित, दबट से कैप्टन पविन्द्र सिंह को भूतपूर्व सैनिक, श्री नयना देवी जी से एडवोकेट अंकु गौतम को विधि, श्री नयना देवी जी से बृजेश कुमार को खेल, बघेरी-गरा से तीर्थराम शास्त्री को देव समाज, श्री नयना देवी जी से सुरेश कुमार को सॉस्कृतिक, स्वाहण के प्रधान दीना नाथ ठाकुर को पंचायती राज, जाला देवी स्वाहण से कृष्ण दयाल को वरिष्ठ नागरिक तथा उमेश हैप्पी को प्र्यटन प्रकोष्ठ का संयोजक नियुक्त किया।

## कबड्डी इंडिया कैंप के लिए चयनित हुई हिमाचल की छह खिलाड़ी: बीएल धमार्णी

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** हिमाचल प्रदेश के छह कबड्डी खिलाड़ियों में शामिल साक्षी शर्मा, ज्योति, ज्योति, निधि, पुष्पा, भावना व केशव का चयन इंडिया कैंप के लिए हुआ है।

जो हिमाचल के लिए गर्व की बात है। हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के प्रधान राजकुमार ब्रांटा, महासचिव कृष्ण लाल, प्रेस सचिव बीएल धमार्नी व बिलासपुर कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव विजय पाल चंदेल ने चयनित होने वाले सभी छह खिलाड़ियों को बधाई दी है। एसोसिएशन के महासचिव कृष्ण लाल ने बताया कि जो खिलाड़ी इंडिया कैंप के लिए चयनित हुए हैं।

# फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर हासिल की सीआरपीएफ में नौकरी

## अब रिटायरमेंट के बाद पेंशन सहित अन्य लाभ लेने के आरोप शिकायत के बाद पुलिस ने भाई के खिलाफ किया मामला दर्ज

**राजन पुरी**

**ऊना: सदर** थाना के तहत संतोषगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने अपने ही भाई पर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर सीआरपीएफ में नौकरी हासिल करने और अब रिटायरमेंट के बाद पेंशन सहित तमाम अन्य वित्तीय लाभ हासिल करने का आरोप लगा है। मामले को लेकर व्यक्ति ने ही अपने भाई के खिलाफ पुलिस के पास शिकायत दी है। पुलिस ने इस मामले को लेकर शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस को दी शिकायत में राम कुमार कपिला पुत्र ओमप्रकाश ने अपने ही भाई प्रमोद कुमार कपिल पर आरोप लगाया कि उसकी सही जन्मतिथि 10 अक्टूबर 1966 है, लेकिन उसने 24 जून 1969 का अपना जाली जन्म प्रमाण पत्र बनाकर सीआरपीएफ में नौकरी हासिल की। यहां तक कि उसने अपने भाई पर फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र बनाने का भी आरोप लगाया है। राम कुमार ने आरोप लगाया कि उसके भाई प्रमोद कुमार ने फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर न केवल सीआरपीएफ में नौकरी की बल्कि, अब रिटायरमेंट के बाद गैर कानूनी तरीके से पेंशन और अन्य तमाम वित्तीय लाभ भी हासिल कर रहा है। राम कुमार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी प्रमोद कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# शिवा इंटरनेशनल स्कूल में अध्यापकों के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पंचकुला द्वारा कार्यशाला का आयोजन

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः बुधवार** को शिवा इंटरनेशनल स्कूल में अध्यापकों के लिए सेंट्रल बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पंचकुला) द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला पर्यावरण अध्ययन के विषय पर आधारित थी। इस कार्यशाला में शिवा इंटरनेशनल स्कूल व अन्य विद्यालयों से आए हुए कुल 56 अध्यापकों ने बढ-चढकर भाग लिया। इसका संचालन सेंट्रल बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन द्वारा सर्टिफ ईड ट्रेनर रेनबो इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. छवि कश्यप व डीएवी पब्लिक स्कूल सलासी जिला हमीरपुर से आई जीव विज्ञान की स्नातकोत्तर शिक्षिका प्रियंका ने किया। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में अध्यापकों को पर्यावरण अध्ययन के बारे में बहुत विस्तारपूर्वक सर्टिफ ईड ट्रेनर द्वारा जानकारी सांझा की गई तथा प्रशिक्षण के अंतर्गत अध्यापकों को विज्ञान समाज व पर्यावरण सबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता को लेकर चर्चा की गई तथा इसके साथ ही इन विषयों से सबंधित क्रियाएं अध्यापकों द्वारा की गई। प्रशिक्षण के अंतर्गत सर्टिफ ईड ट्रेनर द्वारा अध्यापकों को समूह क्रियाएं, व्यक्तिगत गतिविधियां, मामले का अध्ययन, समस्या व समाधान दृष्टिकोण सम्बन्धित क्रियाएं करवाई गई।

इस पर अपने अपने अनुभव के अनुसार भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। अंत में प्रधानाचार्या डॉ. शिल्पा गोयल ने इस कार्यशाला पर अपने विचार और अनुभव को सांझा करने के लिए डॉक्टर छवि कश्यप व प्रियंका का धन्यवाद किया तथा उन्हे हिमाचली टोपी व शाल देकर सम्मानित किया।



# आर्यन ने यूपीएससी परीक्षा में हासिल किया 352 रैंक

## मिनर्वा स्कूल में खुशी की लहर, सादे समारोह में किया सम्मानित

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः मिनर्वा** स्कूल घुमारवीं के एक मेधावी ने यूपीएससी परीक्षा को उतीर्ण कर कीर्तिमान स्थापित किया है। जिला बिलासपुर के घुमारवीं क्षेत्र से आर्यन शर्मा ने सिविल सेवा परीक्षा परिणाम में 352 रैंक प्राप्त किया है। अपने पहले ही प्रयास में आर्यन शर्मा ने इस परीक्षा को पास कर क्षेत्र तथा जिले के साथ पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। आर्यन के पिता अश्विनी शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल) घुमारवीं में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत है। जबकि माता सुनीता शर्मा मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षिका के पद पर तैनात हैं। आर्यन की बहन आयुषी शर्मा एक चिकित्सक हैं। आर्यन शर्मा ने 23 वर्ष की उम्र में यह कामयाबी हासिल की है। मंगलवार को घोषित परिणाम में आर्यन शर्मा ने 352 में रैंक के साथ इस सफ लता को हासिल किया है। आर्यन की इस सफ लता से उनके घर में खुशी का माहौल है। आर्यन शर्मा ने बताया कि जमा दो तक की पढ़ाई उन्होंने घुमारवीं के मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं से प्राप्त की है। वर्ष 2017 में जमा दो की परीक्षा उतीर्ण की। जेई मेन की परीक्षा पास कर उनका चयन एनआईटी हमीरपुर में मेकेनिकल इंजीनियरिंग के लिए हुआ। बीटेक करने के बाद उन्होंने नोएडा में स्थित एक निजी कंपनी में बतौर एनालिस्टि पद पर कार्य किया। एक वर्ष नौकरी करने के उपरांत यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी। दो वर्ष की कड़ी मेहनत के बाद वर्ष 2023 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित इस परीक्षा को अपने पहले ही प्रयास में पास करने में सफलता हासिल की है। उनकी इस सफलता से जहां उनके परिवार में खुशी का माहौल है वहीं दूसरी तरफ उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। आर्यन शर्मा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माताण्पिता तथा अध्यापकों को दिया है। उनका कहना है कि इन सभी के मार्गदर्शन से ही उन्होंने इस मुकाम को हासिल किया है।

वहीं आर्यन शर्मा को मिनर्वा स्कूल प्रबंधन में द्वारा सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल, राकेश चंदेल व विनय शर्मा ने आर्यन व उनके अभिभावकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा को पास करने के लिए कड़ी मेहनत चाहिए, मेहनत हमेशा कामयाबी के कदम चूमती है।



# सतगुरु रंगढ़ बादशाह श्रद्धालुओं संग पहुंचे मां चिंतपूर्णी दरबार



**राजन पुरी**

**ऊना: रामनवमी** के पावन अवसर पर सतगुरु रंगढ़ बादशाह हजारों श्रद्धालुओं की संख्या के साथ मां चिंतपूर्णी के दरबार पहुंचे। हजारों भक्तों ने हाथों में झंडे लेकर मां के दरबार पहुंचे। सभी ने लाईनों में खड़े मां का आशीर्वाद लिया। बता दें कि सतगुरु रंगढ़ बादशाह तीसरा नूरी चाला बंगा पंजाब से है। चाले में कनाडा, ऑस्ट्रेलिया व अमेरिका के साथ काफी मात्रा में श्रद्धालु आए थे। श्रद्धालुओं के रहने व खाने लंगर इत्यादि की व्यवस्था भी पूरी तरह की गई थी, ताकि किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न हो। समएल-13

# नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारी बहुमत से तीसरी बार बनेगी भाजपा की सरकार: मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि आगामी लोकसभा व चुनावों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारी बहुमत से देश में तीसरी बार भाजपा की लोकप्रिय सरकार बनेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व के सबसे शक्तिशाली प्रधानमंत्री व नेता हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने पिछले साढ़े 9 वर्षों में विकसित देशों की सूची में स्थान बनाया है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में वह दिन दूर नहीं, जब भारत विश्व के विकसित देशों की सूची में अव्वल नंबर पर होगा।

करनाल लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल कस्बा तरावड़ी में आयोजित कल्सटर जनसभा में पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं और उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का मूल मंत्र सबका साथ और सबका विकास ही हमें लोकसभा में विजय प्रदान करेगा। आज केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों के कारण ही हर वर्ग, हर धर्म और जन-जन को इन योजनाओं को सीधा लाभ मिल रहा है। मनोहर लाल ने कहा कि आज हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सब भाजपा को पसंद करते हैं। गुमराह करने वाले आएंगे, लेकिन हमें राष्ट्र के विकास के लिए कार्य करना है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनप्रिय नीतियों के कारण देश विकसित हो रहा है। केंद्र की मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया।




**सीधा लाभ**

8 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारी बहुमत से देश में तीसरी बार भाजपा की लोकप्रिय सरकार बनेगी

# पुलिस ने 48 उद्वघोषित अपराधी व 71 बेल जंपर किए गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के आदेशों और दिशा-निर्देशों अनुसार जिला पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सुरक्षा को और अधिक पुख्ता करने के लिए एक विशेष अभियान की शुरूआत की गई है, जिसके तहत अब तक 48 उद्घोषित अपराधी व 71 बेल जंपर अपराधी गिरफ्तार किए गए। इससे अलावा जिला पुलिस द्वारा इस समय के दौरान 4 अवैध देशी पिस्तौल, 2 चाकू व 4 कारतुस, 317.080 किलोग्राम चुरापोस्त, 1.591 किलोग्राम चरस, 18.173 किलोग्राम गांजा पती, 49 ग्राम स्मैक, 01.443 किलोग्राम अफीम, 48 अफीम के पौधे 4.415 किलोग्राम, 446 ग्राम नशे की गोलियां व कैप्सुल, लाहन व अवैध शराब 8846.05 लीटर बरामद की गई। इनके संबंध में जिला पुलिस द्वारा अलग-अलग थानों में अब तक कुल 27 मामले दर्ज किए गए व इन सभी मामलों में 41 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

एसपी ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा 294 नोन बेलेबल वारंटों की तामील करवाकर उनका निपटारा करवाया गया है। पुलिस टीमों द्वारा इस अभियान के अंतर्गत पकड़े गए उपरोक्त माल मुकदमा की कीमत करीब 33,79,099 रुपए है। इस अभियान के तहत ही जिला पुलिस द्वारा समय-समय पर शहर व आसपास के क्षेत्र में नाकाबंदी करके संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चैकिंग की जा रही है।



**विशेष अभियान**

8 शुरूआत की गई है, जिसके तहत अब तक 48 उद्घोषित अपराधी व 71 बेल जंपर अपराधी गिरफ्तार

## न्यूज फ्लैश

### दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए सक्षम एप : उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि चुनाव के दौरान दिव्यांगों की सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से सक्षम एप शुरू किया गया है। आयोग द्वारा सभी वर्गों की चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह महत्त्वपूर्ण कदम उठाया गया है, ताकि दिव्यांगों के लिए मताधिकार के प्रयोग को सहज एवं सुविधाजनक बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि सक्षम एप के माध्यम से दिव्यांग वोटर मतदाता सूची में नाम जांचने के अलावा पोलिंग बूथ की लोकेशन, बूथ तक आवागमन के लिए व्हीलचेयर के लिए अनुरोध कर सकेंगे। साथ ही वे नए मतदाता के रूप में पंजीकरण भी करवा सकते हैं। वोटर कार्ड में सुधार, वोटर कार्ड को आधार से जुड़वाने या चुनावी प्रक्रिया से संबंधित अन्य प्रकार की सेवाओं के लिए अनुरोध भी कर सकते हैं। इसके अलावा इस एप से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार के बारे में जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है।

### महंत राजेंद्र पुरी ने कहा रामनवमी पर इस बार पूरे विश्व के लिए अदभुत अवसर रहा

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जग ज्योति** दरबार के महंत राजेंद्र पुरी ने श्री राम नवमी के अवसर पर देश एवं प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस बार रामनवमी पर पूरे विश्व के लिए अदभुत अवसर रहा। यह अवसर पूरे देश के लिए ऐतिहासिक और अद्भूत क्षण का गवाह बना जब अयोध्या में रामलला का सूर्य की किरणों ने अभिषेक किया।महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि भगवान श्री राम के नाम में वह शक्ति है जिसे इस सृष्टि में शब्दों में व्याख्यान करना भी मुश्किल है। भगवान श्री राम के तो नाम मात्र से ही जीवन का कल्याण हो जाता है। उन्होंने भगवान श्रीराम के जीवन के महत्व के बारे में बताया कि भगवान श्री राम के नाम मात्र का स्मरण करने से ही मानव जीवन धन्य हो जाता है।

# तृतीय सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत: कुरु**क्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एम.ए. अंग्रेजी अंतिम ईयर के तृतीय सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया। आई. बी. पी.जी कॉलेज की चार छात्र-छात्राओं ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, सप्तम् एवं नवम् स्थान प्राप्त किया। प्रिया एवं शाहिद ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा मुस्कान एवं ज्योति ने क्रमशः सप्तम् एवं नवम् स्थान प्राप्त किया। प्रबंध-समिति ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग, अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम और विभाग के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए, विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया` प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास केन्द्रित विभिन्न गतिविधियों के साथ-साथ उत्तम शिक्षण-अध्ययन वातावरण बनाये रखने पर जोर दिया जाता है जिसके परिणामस्वरूप महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की मैरिट सूची में स्थान प्राप्त करते रहते हैं` अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम ने छात्रों को बधाई दी और बताया कि मुस्कान व शाहिद पहले भी मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर चुके हैं` छात्राओं ने सफलता का श्रेय डॉ. नीलम, डॉ. निधि, डॉ. स्वाति, डॉ. नेहा, डॉ. मधु शर्मा, डॉ. विनय वाधवा, प्रो. सोनल, प्रो. प्रिया बरेजा, प्रो. रेखा शर्मा, मिस मंजली, मिस मन्जू मलिक, प्रो. मन्जू चंद और प्रो. मीना की मेहनत और मार्गदर्शन को दिया।

# पुलिस टीम ने छात्रों को गुड टच व बैड टच के बारे किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला पुलिस की काउंसलिंग सेल इन्चार्ज महिला निरीक्षक राजेश लता द्वारा गीता निकेतन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व भारत सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव चौरा और आरएलएस इंटरनेशनल स्कूल कालरों में स्कूल के बच्चों को गुड टच व बैड टच के बारे में विस्तार से बताया गया।

उन्होंनें बच्चों को बताया कि गुड टच क्या है और कौन-कौन हमें गुड टच कर सकता व कैसे टच करे कि वह गुड टच बनता है और इसके अलावा उन्होंने बच्चों को बताया कि यदि कोई हमें बैड टच करता है तो हमें किस प्रकार समझना चाहिए कि ये बैड टच है और जब कोई हमें बैड टच करता है तो हमें उसका विरोध करना चाहिए व जोर-जोर से चिल्लाना चाहिए। इसके अलावा यदि कोई हमें बैड टच करता है तो हमें तुरंत उसके बारे माता-पिता या स्कूल में अपने टीचर को बताना चाहिए।

राजेश लता द्वारा स्कूलों में नान टीचिंग स्टाफ व टीचिंग स्टाफ से भी इस विषय में गंभीरता से बात की गई। उन्होंने स्कूल के स्टाफ से कहा कि घर के बाद बच्चों का सबसे ज्यादा समय स्कूल में व्यतीत होता है। माता-पिता के बाद टीचर ही बच्चों के पास सबसे अधिक समय रहता है तो टीचर व बच्चों का रिश्ता इस प्रकार का होना चाहिए कि बच्चे अपनी हर बात आपके साथ सांझा कर सकें।

उन्होंने कहा कि कक्षा के अंदर यदि कोई बच्चा किसी बात को लेकर परेशान लगे या अन्य कोई बात लगे तो तुरंत उससे दोस्ताना अंदाज में बात करते हुए पता लगाने की कोशिश करें कि उसे क्या समस्या है। यदि वह समस्या स्कूल या उसके खेल से जुड़ी है तो प्रयास कर उसका तुरंत निवारण करें और यदि कोई अन्य समस्या है तो तुरंत मुझे या डायल 112 पर कंट्रोल रूम को सूचित करें।



# करनाल में हुई 3.17 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक: उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला की मंडियों में गेहूं की आवक शुरू हो चुकी है। इसके दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा खरीद के सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही किए जा चुके हैं। मंगलवार तक जिला की मंडियों व विभिन्न खरीद केंद्रों पर 3 लाख 17 हजार 416 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। इसमें से विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 3 लाख 15 हजार 283 मीट्रिक टन की खरीद की गई। एजेंसियों को उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर मंगलवार तक 3 लाख 17 हजार 416 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई । इसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा एक लाख 32 हजार 351 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा एक लाख 65 हजार 467 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन द्वारा 17 हजार 465 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। व्यापरियों द्वारा 2 हजार 133 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। पिछले वर्ष जिला में 7 लाख 52 हजार 52 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई थी। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा अब तक 38 हजार 149, हैफे ड द्वारा 50 हजार 702 और हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन द्वारा 4 हजार 421 मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया जा चुका है। उपायुक्त ने किसानों से अपील कि है कि क्रमानुसार ही गेहूं को मंडी में लेकर आएं, ताकि एजेंसियों एवं आढ़तियों को खरीद में कोई परेशानी ना हो।

# एसडी पीजी कॉलेज में राम नवमी का त्यौहार श्रद्धा के साथ मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत: एसडी पीजी कॉलेज पानीपत** में राम नवमी का त्यौहार श्रद्धा और पावन भाव के साथ मनाया गया । इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा और अपने प्राध्यापकों प्रो अन्नू आहूजा, डॉ संतोष कुमारी, डॉ इंदु गर्ग, डॉ राकेश गर्ग, प्रो सतीश अरोड़ा, डॉ एसके वर्मा, प्रो वीरेंद्र गिल, डॉ रेणु गुप्ता, प्रो मनोज कुमार, प्रो विशाल गर्ग आदि के साथ मिलकर भगवान श्री राम के बताये सदाचार, नैतिकता और सच्चाई के मार्ग पर चलने का प्रण लिया और भगवान श्री राम के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किये । इस मौके पर प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने राम स्तुति के भजन पेश किये और माहौल को श्री राममयी बना दिया । तत्पश्चात प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं ने विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की और भगवान श्री राम से समस्त मानव जाती के कल्याण और खुशहाली की कामना की । विदित रहे कि राम नवमी का त्योहार हिन्दुओं के जीवन में विशेष महत्त्व का दिन है जो मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम के जन्म का जश्न का दिन जिन्हें भगवान विष्णु का सातवाँ अवतार माना जाता है । ऐसा माना जाता है कि इस दिन श्री राम का जन्म सरयू नदी के निकट अयोध्या नगरी में हुआ । प्रसिद्ध महाकाव्य और धार्मिक ग्रंथ रामायण श्री राम, उनकी पत्नी सीता माता और उनके दुश्मन रावण के जीवन की घटनाओं पर लिखा गया है । पूरे वर्ष में दो मुख्य रामनवमी उत्सव होते हैं । वसंत राम नवमी पहली राम नवमी है और वसंत उत्सव नवरात्रि के आखिरी दिन आती है । वासंतिक नवरात्रि के नौवें दिन लोग रामनवमी मनाते हैं । डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि राम नवमी भारत के सबसे महत्वपूर्ण और सबसे पुराने त्योहारों में से एक है । यह मान्यता है कि आज के दिन लगभग 5114 ईसा पूर्व श्री राम का जन्म अयोध्या (वर्तमान उत्तर प्रदेश में एक प्राचीन शहर) के राजा दशरथ के यहाँ हुआ। दशरथ की तीन पत्नियाँ थीं जिनके नाम कौशल्या, सुमित्रा और कैकेयी थे।



# डीसी के समक्ष स्कूल संचालकों ने उठाई थी मांग



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल । गत दिवस** महेंद्रगढ़ के राजकीय महिला कालेज में स्कूल मैनेजमेंट व संचालकों की मांग पर उपायुक्त मोनिका गुप्ता आईएएस ने जिला के अलावा उप मंडल व तहसील स्तर पर भी प्राथमिक सहायता (फर्स्ट एड) निपुणता का प्रमाण-पत्र बनाने का फैसला लिया गया है। जिला रेडक्रास सोसायटी की ओर से आज इस बारे में जिम्मेदारी तय कर दी गई हैं। रेडक्रॉस समिति के सचिव महेश गुप्ता ने बताया कि जिला रेडक्रॉस समिति की अध्यक्ष एवं डीसी ने मंगलवार को ही रेडक्रास सचिव को इस संबंध में आदेश दिए थे। आज रेडक्रॉस समिति ने अलग-अलग स्थान पर अलग कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। उन्होंने बताया कि सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत जिले के सभी राजकीय व मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों व शिक्षण संस्थानों के बस चालक व परिचालक के पास उचित लाईसेंस होना अनिवार्य है। इसके लिए प्राथमिक सहायता (फर्स्ट एड) निपुणता का प्रमाण-पत्र होना अति आवश्यक है। रेडक्रॉस सचिव ने बताया कि यह प्रशिक्षण जिला रेडकास सोसायटी की ओर से प्रत्येक कार्य दिवस में प्रशिक्षित प्रवक्ताओं द्वारा प्रदान किया जाता है। इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए व्यक्तिगत रूप से ऑनलाइन पोर्टल आईआरसीएसएफए डॉट ओआरजी पर भी पंजीकरण किया जा सकता है।

# आइटीआइ महिला की छात्राओं को दिया अग्नि सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। औद्योगिक** प्रशिक्षण संस्थान में छात्राओं को अग्नि सुरक्षा के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य गुलजार सिंह विर्क ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं को आग लग जाने पर स्वयं व प्रियजनों को सुरक्षित बचाने के उपाय बताए। फायर ब्रिगेड करनाल के सब फायर ऑफिसर रणदीप सिंह ने आग लगाने के कारण बताए और आग लग जाने पर उसे कैसे बुझाया जाए, इसकी विस्तार से जानकारी दी। संस्थान की बहुत सी छात्राओं ने स्वयं आग बुझाकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। छात्राओं को वाटर कैनन को कैसे चलाया जाए, यह भी सीखाया गया।



# जरूरतमंद की सेवा भगवान की भक्ति है: प्रवीन

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत:** समाज सेवा संगठन की ओर से आज 16 अप्रैल मंगलवार दुर्गा अष्टमी के उपलक्ष पर अग्रवाल मंडी कार्यालय पर 5 दिव्यांग भाईयो को हाथ रिक्शा वितरण की समाज सेवा संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया आज अग्रवाल मंडी कार्यालय पर 5 दियांग भाईयो को हाथ रिक्शा वितरण की। जैन ने बताया एक सप्ताह पहले की इन दिव्यांग भाईयो की हाथ रिक्शा की जरूरत की डिमांड आई थी संगठन मेंबरों ने पता किया इनके पास हाथ रिक्शा नही है इनकी जरूरत को देखते हुए आज हाथ रिक्शा भेट की और बहुत ही भाग्य शाली है हम जो बाबा भोले नाथ ने जरूरत मंद की सेवा करने के लिए हमें चुना है।

**जरूरत मंद की सेवा भगवान की भगति के बराबर होता है देने के लिए दान लेने के लिए ज्ञान त्यागने के लिए अभिमान की राह पर चल रहा है संगठन**

जिस किसी साथी के नॉलेज में कोई जरूरत मंद दिव्यांग है। जिसके पास हाथ रिक्शा नही है 9812863034 पर संपर्क कर मुफ्त हाथ रिक्शा बुकिंग करवा सकते है समाज सेवा संगठन जरूरत मंद बेटियो की शादी करवाना गर्म कपड़े वितरण करना जरूरतमंद का इलाज करवाना,जगह जगह वाटर लगाना निशुल्क यात्रा करवाना आदि धार्मिक व सामाजिक कार्य करता रहता है मौके पर प्रवीन जैन, राजिंद्र जैन, विकास जैन, सुभाष गोस्वामी, भोला मेहता आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# जेजेपी मजबूती से लड़ेगी लोकसभा चुनाव: दिग्विजय सिंह चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: जननायक जनता** पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा है कि हरियाणा में जेजेपी की जड़ें बहुत मजबूत है और लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकताओं में खासा उत्साह है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल लोकसभा चुनाव है और पार्टी कार्यकर्ता मजबूती के साथ चुनाव लड़ने की तैयारी में लगे हुए है। इसके साथ-साथ पार्टी कार्यकर्ता दुष्यंत चौटाला को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लिए भी जी-जान से जुटे हुए है। वे मंगलवार को चुनाव के मद्देनजर अंबाला में जेजेपी पदाधिकारियों और कार्यकताओं की बैठक लेने पहुंचे थे। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि जेजेपी ने पांच मजबूत लोकसभा उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है और बाकी बची पांच लोकसभाओं में भी मजबूत प्रत्याशियों को मैदान में उतारा जाएगा।दिग्विजय चौटाला ने कहा कि जेजेपी पार्टी को बने छह साल हुए हैं और इन छह सालों में जेजेपी ने कई मुकाम हासिल किए है। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि वे लोकसभा चुनाव पर पूरा फोकस करें क्योंकि यह चुनाव दुष्यंत चौटाला को मुख्यमंत्री बनाने का सेमीफाइनल है। दिग्विजय ने कहा दुष्यंत चौटाला ने उपमुख्यमंत्री पद के मायने बदले हैं। इससे पहले भूपेंद्र सिंह हुड्डा डिप्टी सीएम के पद को कुछ नहीं मानते थे लेकिन दुष्यंत ने मायने बदले तो भूपेंद्र हुड्डा चार उपमुख्यमंत्री बनाने की बातें करते हैं। एक सवाल के जवाब में दिग्विजय चौटाला ने यह भी कहा कि लोगों में नाराजगी भाजपा के काम के तरीके को लेकर थी और इस बात को जनता समझती है। दिग्विजय चौटाला ने यह भी कहा कि सांसद ऐसा होना चाहिए जो देश की सबसे बड़ी पंचायत में इलाके की आवाज को बुलंद कर सके।

दिग्विजय ने कहा कि दुष्यंत चौटाला ने बतौर सांसद और डिप्टी सीएम रहते हुए हरियाणा के विकास में अपना अहम योगदान दिया, जिसे जनता सदैव याद रखेगी। उन्होंने कहा कि अगर इलाके का प्रतिनिधित्व संसद में मजबूती से रखा जाए तो क्षेत्र विकास के मामले में कभी भी पीछे नहीं रह सकता इसलिए पार्टी कार्यकर्ता मतदाताओं को यह समझाएं कि उनका हितैषी कौन है।इस मौके दलबीर सिंह पूनिया, सुरजीत सोंडा ,अनिल जिंधेड़ी , सरबजीत कौर, डॉक्टर एम एस ढीललों ,पुष्पिंदर मोहडी कमल रावल , मनोज राणा ,लकी सैनी छोटा, रामदास , दलबीर सौंटा,सरोज लूथरा , हरकेश सुल्लर , डॉक्टर रविंद्र , सरजंत सिंह , कप्तान सिंह, गुलाब सिंह, मनजीत सिंह,राज कुमार वर्मा ,अरमान सिंह, यशपाल बजाज, जसवंत सिंह मोहड़ी , दविंद्र सैनी , मुकेश श्याम सिंह, भूपिंदर सिंह, भारत भूषण , प्रवीण गुप्ता, गेविन पूनिया, नवीन हरी, लक्की जलबेडा,विक्रम,संजू, जतिंद्र सहित कई गणमान्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# इंद्री-यमुनानगर मार्ग पर अचानक कार में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। इंद्री-यमुनानगर मार्ग** पर एक कार में अचानक आग लग गई। आग में कई ब्लास्ट हुए। देखते ही देखते कार जलकर राख हो गई। सूचना मिलने के बाद फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची, जिसने आग पर काबू पाया। कार में दो लोग सवार थे, जो बाल-बाल बच गए। दोनों ऑस्ट्रेलिया से भारत आए थे। प्रत्यक्षदर्शी राकेश ने बताया कि आग पहले इंजन में लगी थी। इसके बाद आग की लपटों ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना के बाद डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। इस गाड़ी में दो लोग सवार थे, जो इंद्री के बताए जा रहे हैं। कार पूरी तरह से जल चुकी है। डायल-112 के इंचार्ज ने बताया कि गाड़ी में आग लगने की सूचना मिली थी। फायर ब्रिगेड को सूचना दे दी गई है। फायर ब्रिगेड की गाडियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। मामले की सूचना संबंधित थाना को दे दी गई है। जिस तरह की शिकायत मिलेगी, उसी के अनुरूप आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



## संपादकीय

# समरसता का माहौल

**भारत** की संस्कृति राममय है। राम राष्ट्रनायक हैं। भारत के जीवन दर्शन में सर्वत्र राम समाये हुए हैं। भारत की आस्था, भारत का मन, भारत का विचार, भारत का दर्शन, भारत का चिंतन, भारत का विधान राम से है। भारत का प्रताप, प्रभाव व प्रवाह भी राम हैं। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से राम की सर्वव्यापकता के दर्शन हुए। भारत के नगर, ग्राम, गिरी और कंदराओं से लेकर दुनिया के 125 देशों में रहने वाले हिन्दुओं ने उत्सव मनाया। युवाओं के लिए मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम से बढ़कर कोई आदर्श नहीं हो सकता। राम ने अपने जीवन का स्वर्णिम समय 'तरुणाई' को राष्ट्र के काम में लगाया। राम का सारा जीवन प्रेरणा से भरा है। राम की राजमहल से जंगल तक की यात्रा को देखें तो कठिनतम परिस्थितियों में भी वह अविचल रहे। उन्होंने समाज में सब प्रकार का आदर्श स्थापित किया। आदर्श भाई,आदर्श मित्र,आज्ञाकारी पुत्र, आज्ञाकारी शिष्य, आदर्श पति, आदर्श पिता और आदर्श राजा का उदाहरण स्वयं के आचरण से प्रस्तुत किया। पूरी अयोध्या के युवा उनके सखा थे। वह कामादिदोषरहितं, कुशल संगठनकर्ता, लोक संग्रही, मितव्ययी व मृदुभाषी थे। वाल्मीकि रामायण के अनुसार नारद जी ने महर्षि वाल्मीकि को राम के गुणों के बारे में बताते हुए कहा- इक्ष्वाकुवंश प्रभवो रामो नाम जनैः श्रुतः। नियतात्मा महावीर्यो द्यूतिमान द्युतिमान वशी। नारद जी कहते हैं इक्ष्वाकुवंश में उत्पन्न राम मन को वश में रखने वाले, महाबलवान, कान्तिमान, धैर्यवान और जितेन्द्रिय हैं। वे बुद्धिमान,नीतिमान तथा वाग्मी यानि अच्छे वक्ता भी हैं। वे प्रतापवान, धर्मज्ञ, सत्यप्रतिज्ञ, प्रजाप्रतिपालक,अखिल शास्त्रों के तत्वज्ञ,वेदवेदांग के ज्ञाता,गंभीरता में समुद्र और धैर्य में हिमालय के समान हैं। राम के जीवनकाल की शुरूआत संतों की सेवा के साथ हुई। अत्याचारी रावण के आतंक से जब समाज चीत्कार कर रहा था। ऋषि मुनि सताये जा रहे थे। अनुसंधान के प्रत्येक कार्य में जब राक्षस विघ्न डालते और ऋषियों के यज्ञ विध्वंस किए जा रहे थे। रावण को चुनौती देने का साहस समाज नहीं जुटा पा रहा था। रावण का आतंक इतना बढ़ गया था कि ऋषि-मुनियों की हड्डियों के पहाड़ लग गये थे। हड्डियों के लगे पहाड़ देखकर राम ने प्रतिज्ञा ली थी कि निश्चिचर हीन करहु महिं भुज उठाय प्रण कीन्ह। राम ने राक्षसों का संहार कर समाज को अभय प्रदान किया। राम का करीब 16 वर्ष की अवस्था में विवाह हुआ। 18 वर्ष की अवस्था में वनवास हुआ। इसके बाद कानन, कठिन भयंकर भारी, 14 वर्ष वन में रहे। जंगल, महल, सुख-दुख, निन्दा प्रशंसा, यश-अपयश आदि की चिंता नहीं की। जो मिला उसे ग्रहण कि। जो कहा गया उसका पालन किया। राम को युवराज बनाने की तैयारी हो रही है लेकिन अचानक उन्हें समाचार मिला कि वन जाना है। राम विद्रोह नहीं करते वन जाने को सहर्ष तैयार हो जाते हैं। चक्रवर्ती सम्राट के पुत्र होकर भी घोर अभाव के बीच वन में 14 वर्ष व्यतीत करते हैं। जंगल में वनवास के दौरान शूर्पणखा ने राम के समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखा। राम और लक्ष्मण दोनों शूर्पणखा का यह प्रस्ताव अस्वीकार कर देते हैं। राक्षस राज रावण पंचवटी से सीता का हरण कर लेता है। वनवासियों के बल पर लंका पर चढ़ाई की। राम सुग्रीव से मित्रता करते हैं। वनवासियों को संगठित कर अत्याचारी रावण का संहार किया। राम ने रावण के मारने के बाद लंका पर अपना राज्य स्थापित नहीं किया। विभीषण को लंका का राजा बनाया। लक्ष्मण से राम कहते हैं 'अपि स्वर्णमयी लंका न मे लक्ष्मण रोचते जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी'। मातृभूमि के प्रति ऐसी उत्कट निष्ठा राम रखते हैं।

# आजादी के बाद से रेल की राह तकता एमपी का निमाड़

**नरेंद्र तिवारी पत्रकार**

> “ धूलिया से नरडाना के बीच में जरूर जमीन अधिग्रहण का काम शुरू हुआ है, लेकिन इसे फंड नहीं मिला है। जेएनपीटी ने फंड की कमी होना बताया है। इससे देरी होना स्वभाविक है। निमाड़ में रेल का सपना कब पूरा होगा यह तो कह पाना मुश्किल है, किंतु लंबे समय से लोकसभा चुनाव के दौरान रेलमार्ग का मुद्दा यहां के नागरिकों को प्रभावित जरूर करता है। 15 बरसो से खरगोन लोकसभा में भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार प्रतिनिधित्व कर रहे है। क्षेत्र में कांग्रेस ने भी प्रतिनिधित्व किया। सुभाष यादव, अरुण यादव भी इस लोकसभा क्षेत्र के सांसद रहे है। भाजपा से कृष्ण मुरारी मोघे भी इंदौर से आकर खरगोन लोकसभा से चुनाव लडे और जीते भी किंतु रेल का सपना चरितार्थ नहीं हो पाया ”

**मध्यप्रदेश** का निमाड़ आजादी के सात दशकों के बाद भी रेल राह तकता दिखाई दे रहा है। निमाड़ का आदिवासी बाहुल्य खरगोनझबड़वानी जिला ट्रेन सुविधाओं से पूरी तरह वंचित है। निमाड़ अंचल के रहवासियों के निकटवर्ती रेलवे स्टेशन खंडवा, इंदौर नरडाना महाराष्ट्र है। इन सभी से निमाड़ अंचल की दूरी 100 से 175 किलोमीटर है। क्षेत्र के नागरिकों ने आजादी के बाद छुकझ्छुक की आवाज सुनने के लिए लगभग सभी दलों के नेताओं पर भरोसा जताया। जिसने भी रेल का सपना दिखाया उसकी झोली वोटों से भर दी गई। उसे अपना प्रतिनिधि बनाकर दिल्ली पहुंचाया। किंतु आजादी के 77 बरसो के बाद भी रेल सुविधाएं निमाड़ के लिए सपना है, एक खूबसूरत सपना जो नेताओं और राजनीतिक दलों द्वारा हर पांच साल में दिखाया जाता है। कहते है, सपने सच होते है, किंतु निमाड़ में आजादी के बाद से छुकझ्छुक का सपना देखतेझ्देखते अनेकों नागरिकों की आखें बौरा गई।अनेकों कालकलवित हो गए किंतु सपना अब तक सपना बना हुआ है। जिसने भी सपना दिखाया निमाड़ के रहवासियों ने उस पर विश्वास किया किंतु जमीनी स्तर पर कुछ दिखाई नहीं देता जो आमजन के विश्वास को पुख्ता कर सकें। खरगोन लोकसभा क्षेत्र के लिए रेल का सपना कब पूरा होगा कहा नहीं जा सकता है। निमाड़ में रेल की चर्चा और रेल पर राजनीति कोई नई नहीं है। इस विषय पर समाज के वरिष्ठ जनों से बातचीत करने पर ज्ञात हुआ कि वर्ष 1967 के चुनाव में कांग्रेस के शशिभूषण वाजपेई ने निमाड़ में रेल लाने का आश्वासन दिया था। रेल के इस आश्वासन ने शशिभूषण वाजपेई को विजय मिली थी। लोकसभा क्षेत्र के अनेकों वरिष्ठजनों का यह भी कहना है की इस दौरान रेल की पटरियां भी खरगोन जिले की सड़को ,खेतो के निकट डाली गई थी। कुछ ने बताया की विद्युत के पोल को उस समय निमाड़वासियों ने रेल की पटरी समझा और यह खबर ऐसी फैली की बाहरी उम्मीदवार शशिभूषण वाजपेई ने लोकसभा क्षेत्र के तत्कालीन सांसद रामचंद्र बड़े को हराकर चुनाव में विजय प्राप्त की। शशिभूषण रेल के नाम पर जीत तो गए, किंतु दोबारा इस लोकसभा से चुनाव नहीं लडा और रेल का आश्वासन भी अधूरा का अधूरा रह गया। खरगोन लोकसभा के 1962 और 1971 में सांसद रहे रामचंद्र विट्टल बड़े ने भी रेल को निमाड़ के लिए



बहुत आवश्यक माना था। निमाड़ अंचल में यह जनचर्चा है की अटल बिहारी वाजपेई जब भारत सरकार के विदेश मंत्री के रूप में तत्कालीन खरगोन जिले की सेंधवा तहसील आए तब मंच से रामचंद बड़े ने निमाड़ में रेल की आवश्कता से अटलजी को अवगत कराया था। रेलपथ की मांग लंबे समय से इस क्षेत्र में उठती रही है। लोकसभा चुनाव के दौरान रेलपथ की मांग भी रफ्तार पकड़ लेती है। खरगोन लोकसभा क्षेत्र में दो तरफ से रेलमार्ग की मांग की जा रही है। एक इंदौर मनमाड और दूसरी खंडवा खरगोन धार से गुजरात को जोड़ने वाला रेल मार्ग इसे ताप्ती नर्मदा रेल मार्ग संघर्ष समिति द्वारा बरसो से उठाया जा रहा है। मनमाड इन्दौर रेल मार्ग के लिए बरसो से नागरिक आंदोलन भी चल रहे है। यह समिति मध्यप्रदेश की अपेक्षा महाराष्ट्र में अधिक सक्रिय रही है। समय के साथ इस संघर्ष समिति ने सरकार का ध्यान आकर्षित किया किंतु जमीनी स्तर पर कुछ दिखाई नहीं दिया। मनमाड इन्दौर रेल मार्ग संघर्ष समिति ने जिसमे धूलिया लोकसभा के पूर्व सांसद बापू चौरे भी शामिल रहे है ने 1995 के दरमियान एक पद यात्रा मनमाड से इंदौर तक निकाली थी। इस यात्रा में लकड़ी से बनी रेल भी शामिल थी। इस संघर्ष में धूलिया के पूर्व विधायक अनिल गोटे का नाम भी शामिल रहा है। निमाड़ में रेल के लिए संघर्ष की दूसरी धारा ताप्ती नर्मदा रेलपथ को लेकर है। इस रेल पथ में खंडवा से धार वहाया खरगोन बड़वानी शामिल है। इसे लेकर वर्ष 2023 के दिसंबर माह में स्थानीय सांसद गजेंद्र पटेल के नेतृत्व में केंद्रीय रेलमंत्री से मिले निमाड़ के इस प्रतिनिधि मंडल में रेलवे सुविधाओं के लिए संघर्षरत ताप्ती नर्मदा रेल लाइन समिति के अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल, ओमप्रकाश खंडेलवाल, बीएल जैन, महेश शर्मा, राहुल सोनी, नानूराम कुमरावत शामिल थे। इस प्रतिनिधि मंडल को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आश्वस्त किया था की निमाड़ को रेलवे की सौगात जल्द मिलेगी। निमाड़ में रेलवे के संघर्ष से समयझसमय पर जाने कितने ही लोग जुड़े क्षेत्र के सांसदों ने भी निमाड़ से जुड़ी मांगो को दिल्ली तक पहुंचाया। इंदौर की पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन और वर्तमान सांसद शंकर लालवानी ने भी दिल्ली में अपने प्रयास किए। इन प्रस्तावित रेलमार्गों में इंदौर मनमाड को लेकर काफी चर्चा है। रेलवे विशेषज्ञों के अनुसार इस रेलमार्ग के बन जाने से इंदौर से मुंबई की दूरी कम हो जाएगी।

यह दूरी 659 किलोमीटर रह जाएगी और सफर नौ घंटे में पूर्ण हो जाएगा। इस रेल मार्ग को लेकर कुछ साल पहले 363 किलोमीटर लंबी परियोजना का एमओयू साइन हुआ था, उसमे 10 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट के लिए मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र सरकार ने 15झ15 प्रतिशत की राशि देने के लिए कहा था। जबकि 15 प्रतिशत राशि जहाजरानी मंत्रालय और शेष राशि 55 प्रतिशत राशि जेएमपीटी को देनी थी। जमीन का सर्वे होने के बाद भी इसका काम शुरू नहीं हो पाया है।

धूलिया से नरडाना के बीच में जरूर जमीन अधिग्रहण का काम शुरू हुआ है, लेकिन इसे फंड नहीं मिला है। जेएनपीटी ने फंड की कमी होना बताया है। इससे देरी होना स्वभाविक है। निमाड़ में रेल का सपना कब पूरा होगा यह तो कह पाना मुश्किल है, किंतु लंबे समय से लोकसभा चुनाव के दौरान रेलमार्ग का मुद्दा यहां के नागरिकों को प्रभावित जरूर करता है। 15 बरसो से खरगोन लोकसभा में भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार प्रतिनिधित्व कर रहे है। क्षेत्र में कांग्रेस ने भी प्रतिनिधित्व किया। सुभाष यादव, अरुण यादव भी इस लोकसभा क्षेत्र के सांसद रहे है। भाजपा से कृष्ण मुरारी मोघे भी इंदौर से आकर खरगोन लोकसभा से चुनाव लडे और जीते भी किंतु रेल का सपना चरितार्थ नहीं हो पाया। लोकसभा क्षेत्र को दो राज्यसभा सदस्य भी मिले एक वर्तमान के सुमरसिंह सोलंकी एक पूर्व में विजयलक्ष्मी साधो सभी ने अपने स्तर पर पत्र व्यवहार किया, किंतु सपना सपना ही रहा। केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 बरसो से भाजपा की सरकार काबिज है। निमाड़ में रेल का सपना अभी भी सपना बना हुआ है। यह जानते हुए की इस आदिवासी अंचल में रेल का आना नए रोजगार पैदा करेगा। निमाड़ की तस्वीर को बदलेगा, विकास की नवीन संभावनाओं को जन्म देगा। रेलवे के आधुनिकीकरण का ढिढोरा पीटने वाली केंद्र सरकार निमाड़ के इस आदिवासी अंचल में रेल पथ को लेकर इतनी उदासीन क्यों है? आदिवासी समाज के विकास और तरक्की की बात करने वाली कांग्रेस और भाजपा दोनो ही दलों की केंद्र में सरकार रहीं है। दोनो ही दलों को इस लोकसभा क्षेत्र में सांसदी का अवसर मिला। किंतु निमाड़ के जनप्रतिनिधियों की आवाज दिल्ली में हर बार अनसुनी कर दी गई। निमाड़ का यह पिछड़ा आदिवासी अंचल परिवहन के साधनों की कमी से जूझ रहा है।

एक छोटे से वाहन पर जिसकी क्षमता 10 सवारी की होती है उस वाहन में 50 से 60 सवारी बैठकर यात्रा करती है। निमाड़ अंचल से बड़े पैमाने पर रोजगार के लिए पलायन होता है। रेल का आगमन इस क्षेत्र में नवीन व्यवसायिक गतिविधियों की राह खोलेगा, आदिवासी समाज के विकास और तरक्की की इबारत लिखेगा। रेल मार्ग के सपना पूर्ण नहीं होने से निमाड़ अंचल के नागरिकों में सरकार के प्रति नाराजगी दिखाई देती है। निमाड़ की आवाज को दिल्ली में अनसुना करना निमाड़ अंचल के नागरिकों को दुखी और आक्रोशित दोनो कर रहा है।

## कविता

सामने आओ तो,पलकें झुका देना
तुम।

एहसास दिल में न दबा देना तुम,
होठों से तिरछा मुस्कुरा देना तुम’

ये दिल की लगी है, घबरा न जाना,
सिर्फ आंखों में ही मुस्कुरा देना तुम।

नया नया रूप है तुम्हारे यौवन का,
न सम्भले तो बहक न जाना तुम।

आ जाओ जरा सुनहरी रोशनी में,
रातों में चांदनी सा बन जाना तुम,

निशा के टिमटिमाते जुगनू हैं हम,
राह दिखाता सितारा बन जाना तुम।

पर्दे में छुपने की अदा है बड़ी प्यारी,
सामने आओ तो,पलकें झुका देना तुम।

जज्बातो के एहसास पुराने हैं हमारे,
दुनिया के लब्जों से टूट न जाना तुम।

कोशिशों से दीदार होता है तेरा संजीव,
बीच राह में अकेला,न छोड़ जाना तुम।

संजीव

---------

# प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता जरूरी

**संजीव**

**राष्ट्रीय** चरित्र और राष्ट्रवाद शालाओं की बुनियादी शिक्षा कक्षाओं और गुरु और शिष्य के साथ देश के प्रति समर्पण के भाव से प्रस्फुटित होता है’ राष्ट्रवाद राष्ट्र की रक्षा ,अखंडता एवं सशक्तिकरण के भाग्य को संरक्षित कर सुदृढ़ बनाता है’ स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के भावी भविष्य को पहचानते हुए बुनियादी कक्षाओं की राष्ट्रवाद के निर्माण में भूमिका को सहजता से पहचान लिया और अमेरिका की तर्ज पर भारत को तकनीकी तौर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अमेरिका के एमआईटी की तर्ज पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करवाया था ।जब खड़कपुर आईआईटी की स्थापना की गई थी तब उन्होंने अतिथि के रूप में अपने भाषण में कहा की भारत को वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने का दायित्व इन्हीं आई,आई,टी की कक्षाओं शिक्षकों एवं छात्राओं का होगा, वे राष्ट्र को तकनीकी दिशा में मील का पत्थर बनाने में साबित होंगे’

वर्तमान में भारत आज अंतरिक्ष की बड़ी शक्तियों की कतार में शामिल है’ इसके पीछे भारत के कई वैज्ञानिक सीवी रमन ,विक्रम साराभाई, सतीश धवन जैसे बड़े वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इसरो संस्थान है जिसकी कक्षाओं में मंगल तक भारतीय तिरंगे को लहराया. भाभा एटॉमिक परमाणु शक्ति बन गया है’ वैश्विक स्तर पर हर बड़े स्पेस रिसर्च सेंटर पर भारत की इंजीनियर और वैज्ञानिक अपनी सेवाएं दे रहे हैं’

आज अमेरिका आर्थिक महाशक्ति बनने के पीछे उसके विश्वविद्यालय ,संस्थाएं हैं। हावर्ड बिजनेस स्कूल विश्व स्तरीय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में से एक माना जाता है’ आर्थिक सामाजिक तथा वैज्ञानिक शोध संस्थाओं में अधिकाधिक धनराशि खर्च करके अमेरिका, रूस, ब्रिटेन ,चीन, ऑस्ट्रेलिया ,कनाडा ने विश्व में सर्वश्रेष्ठ बुद्धिजीवी दिए हैं’ यह तो तय है कि कोई भी देश का भाग्य तभी उन्नत तथा विकसित होगा जब वहां के छात्र शिक्षक एवं आमजन न्याय, समता ,प्रबुद्धता के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता रखें। आने वाली पीढ़ी यानी कि वर्तमान के बच्चे और भविष्य के नागरिक ही किसी देश का भविष्य निर्माण करते हैं और यह भी तय रहता है कि बुद्धिमान शिक्षक अपने छात्रों के माध्यम से किसी महान राष्ट्र की नींव रखते हैं। किसी भी महान राष्ट्र का निर्माण रातों-रात नहीं होता है इसके लिए पीढीयो का योगदान और श्रेष्ठ शिक्षक एवं छात्रों की लग्न शीलता और मेहनत की प्रतिबद्धता होती है। 1960 और 70 के दशक में चीन में गठित सांस्कृतिक क्रांति कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, खेतों ,कारखानों को एकता में बांधकर सक्रिय नीति का प्रयोग कर सभी को एक सूत्र में बांधा गया था। जापान तो प्राथमिक कक्षाओं से उपजे राष्ट्रवाद, अनुशासन तथा कर्तव्य बोध के लिए सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहा है, जापान में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पराजय का कड़वा घूंट पीने के पश्चात कमजोर एवं मृतप्राय जापान को एक शक्तिशाली आर्थिक राष्ट्र बना दिया।

## विचार

# विवाह की बढ़ती उम्र से जूझता युवा वर्ग

**श्याम कुमार कोलारे**

**आज हर** वर्गों एक चिंताजनक दौर साफ नजर आ रहा है; अधिक उम्र तक युवक-युवतियों की शादी न होना। इसको लेकर आज सभी समाज काफी चिंताग्रस्त है। लड़के की उम्र 30 के पार जाने लगी है परन्तु शादी की बात करे तो इस उम्र तक उनकी शादी न होना एक सामाजिक समस्या बनकर उभर रही है। यह समस्या इतनी विकराल होती जा रही है कि लड़के एवं लड़कियों की उम्र 30-35 पार करने पर भी वे कुँवारे बैठे है; यही कारण है कि लड़के-लड़कियों में एक अवसाद की स्थिति उत्पन्न होती जा रही है। इसका एक मुख्य कारणों में तेजी से समाज में परम्पराओं का बदलता दौर शामिल है। हर माँ-बाप अपने बच्चों को पढ़ा-लिखा कर अपने पैर पर खड़ा करने के लिए अपना सारा जीवन लगा देते है, बेटा-बेटी को अच्छी शिक्षा-दीक्षा देने के लिए हर संभव कोशिश करता है। यह सब उपक्रम बच्चों की कवलियत हो बढ़ा रहा है परन्तु कावलियत और सरकारी नौकरी की अंधी दौड़ में सभी युवा वर्ग इस तरह दौड़ लगा रहा है कि उनके जीवन के सुन्हेरे पल की कुवार्नी देकर यह लक्ष्य हासिल करने के लिए बहुत सी सामाजिक परम्पराओं को आड़े हाथ लेने से नहीं चूकते। सरकारी नौकरी वाले वर की चाहत- आज मध्यम वर्गीय परिवार से लेकर उच्च वर्गीय परिवारों में ऐसी होड़ सी लग गई है जिसमे सब अपनी बेटियों को सरकारी नौकरी पेशा के घर शादी करना चाहते है। किसी सरकारी नौकरी के लड़के को देखकर उसके घर लड़की देने की जैसे होड़ लग जाती है सरकारी नौकरी नहीं उसके पास अलादीन का चिराग हो जो हर आदेश पर आपने आका की मन मुराद इच्छा पूरी करने के लिए तैयार बैठा हो। सरकारी नौकरी वाले लड़के-लडकियाँ वाले भी सरकारी नौकरी रुपी मैजिक छड़ी से अपने आपको दूसरे से अलग छबी एवं दायरा बना लिए है। क्या कम पढ़ा लिखा होना, या किसी प्रकार का निजी व्यवसाय, निजी संस्थानों में जॉब करने वालो की जीवन शैली सरकारी नौकरी वाले से हमेशा कम होती है ? पता नहीं लोगो के मन में क्या चल रहा है !ह्लहर राजा जनक अपनी अपनी बेटी को दसरथ जैसे महान वैभवशाली राजा के घर राम जैसे वर के साथ विवाह करवाना चाहते है। परन्तु मेरी समझ में इस वैभव का उस समय कोई मूल्य नहीं होता जब किस्मत में वनवास ही लिखा हो। स्थिति एवं परिस्थिति विपरीत होने पर मनुष्य के धन, वैभव, प्रतिष्ठा, पद ये कुछ काम नहीं आते। बढती उम्र में शादी न होना एक अवसाद की स्थिति झ कहने का अभिप्राय एकदम सीधा है अच्छे से जीवन जीवन-यापन करने का कौशल एवं प्रतिभाशाली लड़के को अपनी कन्या का जीवन साथी चुन सकते है, रही बात उनकी जीवन शैली में परिवर्तन लाना; आपको अपने आप पर विश्वास होना चाहिए कि जिस बेटी को आपने अच्छी शिक्षा-दीक्षा दी है वह अपने इस कौशल से अपने जीवन को सवारने की शक्ति रखती है। बढती उम्र तक बेटियों की शादी न होना उसमें सामाजिक रूप से सभी को एक मत होकर सोचना होगा कि जीवन का एक महत्वपूर्ण पुरुषार्थ को समय पर पूर्ण करना एक सामाजिक धर्म है। आज की परिस्थितियों को देखकर यह स्पष्ट नजर आने लगा है कि लड़के-लड़कियों के जवां होते सपनों पर न तो किसी समाज के कर्ता-धताओं की नजर है और न ही किसी रिश्तेदार और सगे संबंधियों की। हमारी सोच एवं मानसिकता; हमें क्या मतलब है में; उलझ कर रह गई है। निसंदेह यह सच किसी को कड़वा लग सकता है, लेकिन हर समाज की हकीकत यही है। यह बात से सभी बाकिफ है कि पूर्ण मानसिक रूप से परिपक्यता 25-30 वर्ष तक लड़कियों में आ जाती है, लड़कियों में 18-25 के बीच का दौर ससुराल के वातावरण, परिस्थिति, रिश्ते-नाते एवं सम्रद्धि की सोच विकसित करने का दौर होता है, उसे यहाँ कई जिम्मेदारियों एवं अवसर को सीखने का मौका मिलता है जो जीवन को खुशहाल एवं जीवन शैली को परिपक्यता लाने में मददगार होता है; वही इस उम्र तक शादी न होना इस पक्ष को कमजोर बनता है एवं अधिक उम्र में शादी ससुराल में सामंजस को संघर्षमय बनाता है; क्योंकि उनकी आदतें पक्की और मजबूत हो जाती हैं अब उन्हें मोड़ा या झुकाया नहीं जा सकता जिस कारण घर में बहस, वाद विवाद, तलाक जैसे परिस्थिति हो जाती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादकः रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादकः पंकज शर्मा (7018221146)**

ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालयः सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालयः कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# आपके बच्चे के विकास के लिए प्री-स्कूल शिक्षा का महत्व

**विजय गर्ग**

**पूर्वस्कूली** शिक्षा एक खाली कैनवास पर पहले रंगीन स्ट्रोक की तरह है, जो एक बच्चे की आजीवन सीखने की यात्रा की नींव रखती है। यह बच्चे के विकास में एक महत्वपूर्ण चरण है, अक्सर इसके महत्व को कम करके आंका जाता है। पोदार इंटरनेशनल स्कूल में, हम प्रीस्कूल शिक्षा के अत्यधिक महत्व और बच्चे की वृद्धि और विकास पर इसके गहरे प्रभाव को समझते हैं। आइए प्रीस्कूल शिक्षा के महत्व, इसके लाभों और यह आपके बच्चे के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम क्यों है, इस पर गहराई से विचार करें। पूर्वस्कूली शिक्षा को समझना पूर्वस्कूली शिक्षा, या पूर्व-प्राथमिक शिक्षा, प्रारंभिक औपचारिक शैक्षिक अनुभव है जिसे एक बच्चा प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश करने से पहले प्राप्त करता है। यह आम तौर पर 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों की सेवा करता है, जिनका दिमाग स्पंज की तरह होता है, जो ज्ञान, कौशल और सामाजिक अनुभवों को अवशोषित करने के लिए तैयार होता है। पूर्वस्कूली शिक्षा का महत्व सामाजिक कौशल का प्रारंभिक विकासः प्रीस्कूल बच्चों को अपने साथियों के साथ बातचीत करने के लिए एक संरचित वातावरण प्रदान करता है। यह उन्हें साझा करना, बारी-बारी से काम करना, संघर्षों को सुलझाना और साथ मिलकर काम करना सिखाता है। ये सामाजिक कौशल बच्चे के भावनात्मक और सामाजिक विकास के लिए आवश्यक हैं। भाषा और संज्ञानात्मक विकासः प्रीस्कूल बच्चों को संरचित तरीके से भाषा और साक्षरता से परिचित कराता है। वे प्रभावी ढंग से संवाद करना सीखते हैं, अपनी शब्दावली का विस्तार करते हैं, और आवश्यक पूर्व-पठन और पूर्व-गणित कौशल को समझना शुरू करते हैं। यह प्रारंभिक प्रदर्शन उनके संज्ञानात्मक विकास में महत्वपूर्ण रूप से सहायता करता है। स्वतंत्रता और आत्मविश्वासः प्रीस्कूल बच्चों को कपड़े पहनने से लेकर कार्यों को पूरा करने तक स्वतंत्र रूप से काम करने के लिए प्रोत्साहित करता है। इससे आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलता है और उनका आत्म-सम्मान और आत्मविश्वास बढ़ता है। भावनात्मक तत्परताः बच्चे सहायक और पोषण वाले माहौल में भावनाओं को व्यक्त करना और प्रबंधित करना सीखते हैं।

# काश मैं राष्ट्रीय प्रतीक होती!

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**फलाने** राज्य के एक पुलिस स्टेशन का दृश्य। जहाँ महिला पुलिसकर्मी एक समाचार पत्र की हेडिंग को लेकर काफी आक्रोश में थी। उस समाचार पत्र के पहले पन्ने पर बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा था झ ह्यनिर्वस्त्र कर फुटबाल की तरह पीटा गया। फिर किया सामूहिक बलात्कार।ह्व यह फुटबॉल कोई और नहीं फलाने राज्य की 19 वर्षीय विरोधी समाज की पीड़िता थी। उसी समाचार पत्र में राज्य के आलाकमान का बयान था झ ऐसे सैकड़ों मामले हुए हैं। यह सब होते रहते हैं। आलाकमान का यह बयान कि ऐसे सैकड़ों मामले हुए हैं, को लेकर महिला पुलिसकर्मियों पर बड़ा दबाव था। उन्हे यह सच में फील कराना था कि ऐसे मामले होते रहते हैं, सो उन्होंने उसी एंगल में उस पीड़िता से पूछताछ शुरू की। पुलिसकर्मी निर्देशित थीं कि इस मामले में पीड़िता को गंभीरता से नहीं लेना है। महिला कांस्टेबल ने पीड़िता को धक्का देते हुए कहा सीधी खड़ी रह। आजकल तेरे नखरे ज्यादा हो गए हैं। मीडिया में क्या वायरल हो गई, खुद को सेलिब्रिटी समझने लगी है। इतना कहते हुए हँसने लगी। दूसरी ओर बाकी महिला पुलिसकर्मी चाय की चुस्कियाँ ले रही थीं। पीड़िता झ (दर्द से कराहते हुए) मुझे धक्का क्यों मार रही हैं? मुझे दर्द होता है। महिला पुलिसकर्मी झ अरे वाह तुमको दर्द भी होता है! फुटबॉल की तरह हम तुम्हें थोड़ी न पीट रहे हैं। तुम सच में दर्द महसूस करती तो हमारे राज्य की इज्जत इस तरह सरेआम नीलाम न करती। पीड़िता झ राज्य की इज्जत? राज्य मिट्टी से नहीं वहाँ के जीते-जागते लोगों से बनता है। उनका दर्द क्या राज्य का दर्द नहीं है? मैंने कई दिनों तक इंतजार किया, लेकिन किसी ने मेरी सुध नहीं ली। यहाँ पर चिल्ला-चिल्लाकर थक-हार गई। जब मेरा इलाज दूसरे राज्य में हो रहा था, तब मुझे लगा कि यहाँ पर मुझे सच बताना चाहिए। अन्याय सहने वालों के लिए हर नई जगह, हर नया आदमी न्याय दिलाने वाला सा लगता है। महिला पुलिसकर्मी झ तो इसका मतलब तुम राज्य की इज्जत दूसरी जगह पर जाकर निकालोगी। तुम्हारे साथ ऐसा कौनसा बड़ा कांड हो गया जिसे लेकर बड़ा उछल रही हो। हाँ मानते हैं कि तुम्हारी पिटाई हुई है।

## न्यूज फ्लैश

### फतेहाबाद: सक्षम एप पर चार श्रेणियों में मतदाताओं को मिलेगा सभी सेवाओं का लाभ

**फतेहाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शत-प्रतिशत मतदान के लिए विभिन्न प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए मताधिकार का उपयोग सहज एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से सक्षम एप बनाया गया है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने बुधवार को बताया कि एप दिव्यांग मतदाताओं के लिए नामांकन से लेकर मतदान के दिन की सुविधाओं तक वन-स्टॉप शॉप है।
उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि मतदाताओं द्वारा एप के बढ़ते उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन, लेआउट, इंटरफेस और सुविधाओं को नया रूप दिया गया है। सक्षम एप के इंटरफेस को उपयोगकर्ता के लिए अधिक अनुकूल बनाया गया है जिसमें उपयोगकर्ता स्क्रीन रीडर, टेक्स्ट टू स्पीच सेवा, दृश्यता संवर्द्धन, रंग समायोजन आदि के माध्यम से एप को नेविगेट कर सकता है। दिव्यांगजन मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया से लेकर मतदान के दिन पिक एंड ड्रॉप सुविधा का लाभ उठाने तक एप का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि एप को डिजाइन करते समय दिव्यांगजनों की सभी आवश्यकताओं को ध्यान में रखा गया है। इसके लिए दिव्यांगजन उपयोगकर्ता के पास एक सक्रिय मोबाइल नंबर होना चाहिए, जिस पर एप की सेवाओं का लाभ उठाने के लिए ओटीपी भेजा जाएगा।

#### सक्षम एप को चार श्रेणियों में बांटा गया

सक्षम एप पर सभी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए चार श्रेणियों में बांटा गया है। प्रथम श्रेणी पंजीकरण, जिसमें पीडब्ल्यूडी मार्किंग, नए मतदाता पंजीकरण, सुधार के लिए अनुरोध, प्रवास के लिए अनुरोध, हटाने के लिए अनुरोध, चुनावी (आधार) प्रमाणीकरण के लिए अनुरोध और किए गए अनुरोध की स्थिति ट्रैकिंग से संबंधित विकल्प उपलब्ध हैं। द्वितीय श्रेणी सुविधाएं के तहत टैब के तहत दिव्यांग मतदाता के लिए उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं के बारे में जान सकते हैं। इसके अतिरिक्त वह मतदान केंद्र पर व्हील चेयर, पिक एंड ड्रॉप और सहायता के लिए भी अनुरोध कर सकता है। तृतीय श्रेणी खोज के अंतर्गत दिव्यांग मतदाता मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं। अपने मतदान केंद्र को जान सकते हैं। चतुर्थ श्रेणी सूचना और शिकायत के तहत उपयोगकर्ता शिकायत दर्ज कर सकता है, एक्सेसिबिलिटी से संबंधित वीडियो और लेख देख सकता है और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों पर जानकारी पा सकता है।

### सिरसा : टेलीग्राम से ग्रुप में जोडकर साइबर ठगी करने वाला चढा पुलिस के हत्थे

**सिरसा/टीम एक्शन इंडिया**
जिला की साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए एक साइबर ठग को राजस्थान के नागौर क्षेत्र से काबू करने में बडी सफलता हासिल की है। साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन प्रभारी इंस्पेक्टर जसवीर सिंह ने बुधवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जितेंद्र कुमार पुत्र हरेंद्र कुमार निवासी गांव गोटन जिला नागौर, राजस्थान के रूप में हुई है।
उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, और रिमांड अवधि के दौरान उसके दो अन्य साथियों की भी पहचान कर ली गई है, जिनको भी शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन थाना प्रभारी ने बताया कि सिरसा सिटी के सेक्टर 19 हुड्डा निवासी पवन कुमार को टेलीग्राम के माध्यम से जोडकर स्काई स्कैनर ऐप पर टास्क पूरा करने तथा मोटे मुनाफे के नाम पर करीब 5,84 269 रुपये की ठगी की गई थी।
साइबर थाना प्रभारी ने बताया कि टास्क पूरा करने के नाम पर पहले और दूसरे दिन करीब 6/7 हजार रुपये पवन कुमार के बैंक खाते में डाले गए । थाना प्रभारी ने बताया कि पवन कुमार लालच में आ गया और उसने बीती 2 फरवरी से लेकर 5 फरवरी के बीच की अवधि के दौरान करीब 5,84,269 रुपये बताए गए अलग-अलग बैंक खातों में डाल दिए। सिरसा के साइबर थाना प्रभारी ने बताया कि साइबर ठगों ने बाद में पीड़ित पवन कुमार से टेलीग्राम के माध्यम से मैसेज किया कि आपका टास्क पूरा नहीं हुआ है, इसलिए राशि प्राप्त करने के लिए 11 लाख रुपए और जमा करवाए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति ने ठगी होने के बाद साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई । जब यह मामला पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण के संज्ञान में आया तो, उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन की टीम का गठन कर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

# विधायक का चुनाव लड़ने के इच्छुक अपने क्षेत्र में लोस प्रत्याशी को जिताने का काम करें: चौटाला

**जनसंपर्क**

8 पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला गन्नौर के रामलीला मैदान में संबोधित कर रहे थे ।



**गन्नौर /टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जजपा ने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत लोकसभा के उम्मीदवार घोषित कर दिए और जल्द ही अन्य सीटों के उम्मीदवार भी घोषित कर दिए जाएंगे । पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जनसंपर्क अभियान के तहत गन्नौर के रामलीला मैदान में संबोधित कर रहे थे । खारिया कर्म में पहुंचने पर पार्टी के गन्नौर हलका अध्यक्ष अनिल त्यागी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचने पर पार्टी के नेता रणधीर मलिक, सियानंद त्यागी,महिला जिला अध्यक्ष रजनी मलिक, एडवोकेट अक्षय त्यागी आदि ने फूल माला से स्वागत किया । चौटाला ने संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी पार्टी हो चुनाव के समय में कोई कार्यकर्ता पार्टी छोड़ता है तो नए कार्यकर्ता भी पार्टी से जुड़ जाते हैं । जनसंपर्क अभियान के दौरान चौटाला ने आमजन व पार्टी कार्यकताओं से पार्टी के लिए सुझाव मांगे।
उन्होंने कहा कि सभी कार्यकताओं के सहयोग से ही पार्टी चलती है । पार्टी का कार्यकर्ता जितना मजबूत होगा उतनी ही मजबूत पार्टी होगी ।।चौटाला ने कहा कि इनेलो और कांग्रेस का संगठन कमजोर है। कांग्रेस की भीतरी कलह जगजाहिर है। भाजपा ने 75 पार का नारा दिया था, आखिर में उनके सहारे की जरूर पड़ी थी। जजपा कमजोर नहीं मजबूत पार्टी है। उन्हें चौधरी देवीलाल ने संघर्ष सिखाया है। उनके हौसले कभी नहीं टूटे, उनके जीवन से हमने इतने वर्षों में एक चीज सीखी है कि मेहनत करो जनता अपने आप ताकत देगी। उन्होंने कहा कि चुनाव होने तक बूथ सखी और बूथ योद्धा को लेकर कैंपेन चलाया जाएगा। जो विधायक का चुनाव लड़ने के इच्छुक है, वे अपने क्षेत्र में पुरजोर मेहनत कर लोस प्रत्याशी को जिताने का काम करें। कार्यक्रम के उपरांत चौटाला ने हलका अध्यक्ष अनिल त्यागी के आवास पर जलपान किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राज सिंह दहिया, डॉ केसी बांगड़, भानेराम, दलवीर, कुलदीप सरपंच, सरपंच संदीप आदि मौजूद थे।

## फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए लिया गया खिलाडियों का ट्रायल

**गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आगामी होने वाली हीरो सीनियर राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए गुरुग्राम महानगर प्राधिकरण के ताऊ देवी लाल स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में बुधवार को फुटबॉल खेल के ट्रायल का आयोजन किया गया। इसकी हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष सूरज पाल अम्मू ने की।
ट्रायल में पूरे हरियाणा से लगभग 150 महिला फुटबॉल खिलाडि?ों ने भाग लिया। अपना दम-खम दिखाया। आगामी होने वाली हीरो राष्ट्रीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता कोलकाता पश्चिम बंगाल में 1 मई से 15 मई तक हरियाणा की टीम प्रतियोगिता में भाग लेगी। चयन समिति के सभी पदाधिकारियों ने बहुत महतावपूर्ण भूमिका निभाई। इस ट्रायल में लगभाग 50 खिलाडि?ों का चयन करके 18 अप्रैल से 30 अप्रैल तक इनका कैंप मानव रचना यूनिवर्सिटी फरीदाबाद में लगाया जाएगा। बुधवार 17 अप्रैल को 20 आयु वर्ग में पुरुष फुटबॉल खिलाडि?ों का ट्रायल भी ताऊ देवी लाल स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स गुरुग्राम में आयोजित किये गए।
इस ट्रायल में हरियाणा के 20 जिलों से लगभाग 250 पुरुष फुटबॉल खिलाडि?ों ने भाग लिया। अंडर 20 पुरुष फुटबॉल खिलाडि?ों का कैम्प 18 से 30 अप्रैल तक ताऊ देवी लाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स गुरुग्राम में लगाया जाएगा। पुरुष अंडर 20 फुटबाल राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2 से 8 मई तक छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में आयोजित होगी।

## भाजपा नेता ने दी 60वां रैंक हासिल करने वाले अभिमन्यु को बधाई



**राई/टीम एक्शन इंडिया**
लोक सेवा आयोग ने यूपीएससी की परीक्षा का परिणाम मैं देश भर में सातवां रैंक हासिल करने वाले अभिमन्यु मलिक को पूर्व मार्केट कमेटी के अध्यक्ष व भाजपा नेता कुलदीप नांगल ने अभिमन्यु ने बधाई दी और उनका मीठा मुंह करवाया। पूर्व अध्यक्ष कुलदीप नांगल ने बधाई देते हुए कहा कि बड़े गर्व की बात है कि हमारे सेक्टर 23 के रहने वाले अभिमन्यु मलिक ने 60वां रैंक प्राप्त किया है। वे दिल्ली के कक्कड़नुमा क्षेत्र में एसडीएम के प्रशिक्षण ले रहे हैं। अपने लाडलों की उपलब्धि पर परिवारों में खुशी की लहर छाई है।
अभिमन्यु मलिक फिलहाल दिल्ली के कक्कड़नुमा क्षेत्र में एसडीएम का प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभिमन्यु शुरू से ही बहुत हॉनर था और अपनी मेहनत व सफलता के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है।

## विहिप कार्यकताओं ने श्रीराम जन्मोत्सव पर निकाली बाइक यात्रा

जींद,
विश्व हिंदू परिषद द्वारा बुधवार को श्रीराम जन्मोत्सव पर भव्य बाइक यात्रा का आयोजन किया गया। इस बाइक यात्रा में शहर की विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं ने सहभागिता की। श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद यह पहला रामनवमी का उत्सव है।
इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के सरंक्षक महेश मंगला ने कहा कि हिंदू शक्ति संगठित हो रही है। हम ईसाई मशीनरी के द्वारा धर्म परिवर्तन के प्रयासों पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने प्रशासन को चेताया कि ईसाई मशीनरी द्वारा धर्म परिवर्तन के प्रयासों पर नजर रखे, नही तो बजरंग दल उन प्रयासों को रोकेगा।

## देवी की हुई लट्ठों से पूजा



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
रामनवमी को नरी सेमरी देवी की पूजा की अनोखी परंपरा हैं। यहां देवी की यदुवंशी समाज मंदिर में लाठियां बरसा कर पूजा करता चला आ रहा है। बुधवार को भी देवी की लट्ठ पूजा की रस्म निभाई गई। पूजा में हजारों भक्त शामिल हुए थे। मंदिर पर सुरक्षा के चौकस इंतजाम किए गए थे।हाईवे के किनारे अकबरपुर-छाता के मध्य नरी-सेमरी देवी मंदिर पर रामनवमी पर यदुवंशी समाज देवी मां की अनोखे ही ढंग से पूजा अर्चना कर मां को प्रसन्न करता चला आ रहा है।
सेमरी गांव के आसपास के गांव नरी, रहेड़ा, अलवाई समेत अन्य गांवों के यदुवंशी समाज के हजारों लोग देवी की लट्ठ पूजा करने आए। लाठी, भाला, फरसा लहराते हुए ढोल नगाड़े की धुन पर नाचते-गाते मंदिर परिसर में पहुंचे।
मंदिर परिसर पर पहुंचते ही परंपरा की रस्म अदायगी को लाठी बरसाना शुरू कर दिया। दरवाजे, मंदिर की दीवाल और आंगन में जमकर लाठी बरसा कर देवी को प्रसन्न किया गया। देवी के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज उठा। इसके बाद यदुवंशी देवी की पूजा करके विजयी मुद्रा में लौटे।

# प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री के कनाडा चेप्टर की हुई शुरूआत

**ऐतिहासिक पड़ाव**

8 कनाडा में पी.एफ.टी.आई के आगमन का क्षण हम सभी के लिए एक ऐतिहासिक पड़ाव है : दीपक मैनी




**गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**
भारत और कनाडा के बीच व्यापारिक और औद्योगिक संबंधों को नई ऊर्जा प्रदान करते हुए प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (पी.एफ.टी.आई) ने कनाडा में अपने नवीनतम अध्याय की शुरूआत की है। इसके लिए बैठक गुरुग्राम में हुई। कनाडा से संयोजक और टीम इस बैठक में ऑनलाइन शामिल हुए।
पीएफटीआई के चेयरमैन दीपक मैनी ने बताया कि इस पहल के माध्यम से, हम विश्व व्यापी मंच पर अपने सदस्यों को उच्चतम गुणवत्ता की सेवाएं प्रदान करने के लिए तत्पर हैं, जिसमें व्यापारिक सलाह, मार्केट रिसर्च, नेटवर्किंग इवेंट्स, और पेशेवर विकास कार्यक्रम शामिल हैं। चेयरमैन दीपक मैनी ने बताया कि पीएफटीआई का लक्ष्य है कि उनके सदस्य वैश्विक बाजार में अग्रणी बनें। उन्होंने बताया कि इस शानदार अवसर पर, हमने जसविंदर गोगिया और लवी गिडवानी को कनाडा चेप्टर के कन्वीनर के रूप में नियुक्त किया है। उनकी अग्रणी सोच और प्रतिबद्धता के साथ, हम नए व्यापारिक अवसरों और साझेदारियों की खोज में एक नई दिशा में अग्रसर होंगे। दीपक मैनी ने आगे कहा की कनाडा में पी.एफ.टी.आई के आगमन का क्षण हम सभी के लिए एक ऐतिहासिक पड़ाव है। यह हमारे संगठन की वृद्धि और परिपक्वता को दर्शाता है।
पीएफटीआई के वाईस चेयरमैन डॉ. एस.पी. अग्रवाल ने कहा कि पीएफटीआई के विस्तार से हमारे संगठन और भारतीय व्यापार समुदाय के लिए नई उम्मीदें और संभावनाएं जन्म ले रही हैं। कनाडा में हमारे नए सदस्यों के साथ सहयोग करने की अपार संभावनाओं के साथ, हम वैश्विक व्यापारिक परिदृश्य में एक नई पहचान बनाने के लिए उत्सुक हैं।
पीएफटीआई के डायरेक्टर एडवोकेट आर.एल. शर्मा ने कहा की हमारे नवीनतम कनाडा अध्याय की शुरूआत से, हम व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में नई सफलताओं की आशा करते हैं। पीएफटीआई के डायरेक्टर डॉ. अंशुल धींगरा ने कहा कि पीएफटीआई के कनाडा अध्याय की स्थापना व्यापार और उद्योग में नए मानकों को निर्धारित करने की हमारी क्षमता को प्रदर्शित करती है।

## झज्जर में रामनवमी पर कार सेवकों को किया गया सम्मानित

**झज्जर/टीम एक्शन इंडिया**
बुधवार को सनातनी रक्षा दल द्वारा बहादुरगढ़ में रामनवमी धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर रामलला की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा से पहले चौ. छोटू म धर्मशाला में 1992 के कारसेवकों को सम्मानित किया गया।
श्रीराम जन्मभूमि से विवादित ढांचा तोड़ने में कार सेवा करने करने वाले झज्जर जिला के कार सेवकों को गरीबदासीय संप्रदाय के छुड़ानी धाम से आए हरियाणा साधु समाज के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी ब्रह्मस्वरूप ने सम्मानित किया। इससे पहले 251 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली और 501 युवकों ने भगवा धवज यात्रा निकाली। शोभायात्रा में राम दरबार, भगवान परशुराम, विश्वकर्मा, बाल्मिकी, योग, सनातन हवन, कराटे और संत रविदास आदि झांकियों ने लोगों को बहुत आकर्षित किया और हिंदू एकता की प्रेरणा दी।
शोभायात्रा में अशोक दीक्षित, सतीश राठी, वीरेंद्र छिल्लर, नगर परिषद अध्यक्षा सरोज राठी, गोधनी सेवा समिति के प्रधान रमेश राठी व कृष्ण चावला सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया। डीएवी स्कूल के बच्चों ने संगीतमय भजन से वतावरण बहुत धार्मिक बना दिया।शोभायात्रा में आमजन ने रेलवे रोड पर फूल बरसाए और जगह-जगह पीने के लिए पानी आदि का प्रबंध किया। महिलाओं ने ढोल, बैंड पर कलश यात्रा के साथ मस्ती में नृत्य करते हुए भगवान राम के नारों से आकाश को गुंजायमान कर दिया। सनातनी रक्षा दल ने कलशयात्रा में शामिल नारी शक्ति, बच्चों का धन्यवाद आभार जताया। पुलिस प्रशासन को भी धन्यवाद दिया, शोभा यात्रा के समापन पर भंडारा छोटूराम धर्मशाला में आयोजित हुआ।

## पूर्व सैनिक का शव उसी की दुकान के फ्रीजर में मिला

**सोनीपत,/टीम एक्शन इंडिया**
खरखौदा के गांव रोहणा में 13 अप्रैल से लापता पूर्व सैनिक वीरेंद्र का शव उसकी दुकान में ही रखें डीप फ्रीजर में मिला है। फ्रिज में शव मिलने पर मंगलवार की रात को पुलिस को मामले की सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर बुधवार को पोस्टमार्टम करवाया और स्वजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच करने में लगी है।गांव रोहणा निवासी गीता ने दो दिन पहले अपने पति वीरेंद्र की गुमशुदगी की शिकायत पुलिस को दी थी। उसने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 13 अप्रैल को उसका पति घर से अपनी कंफेंशनरी की दुकान पर गया था। जब वह वापस घर नहीं लौटा तो उन्होंने दुकान पर जाकर देखा। उन्हें दुकान भी बंद मिली, अपने स्तर पर आस-पास तलाश करने के बाद वीरेंद्र की कोई जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस को शिकायत दी थी।

# त्यागी ने समाज सेवा के लिए बेहतर कार्य किया: चौटाला

**मूर्ति स्थापना**

8 जजपा नेता दुष्यंत चौटाला का पहुंचने पर सियानंद त्यागी पूर्व पार्षद व अन्य ने स्वागत किया ।



**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
गांव धतूरी में स्वर्गीय रामनिवास त्यागी व उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय क्रांति देवी की मूर्ति स्थापना एवं शिव मंदिर के नवीनीकरण के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया । पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जजपा नेता दुष्यंत चौटाला ने शिरकत की । पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जजपा नेता दुष्यंत चौटाला का पहुंचने पर सियानंद त्यागी पूर्व पार्षद व अन्य ने स्वागत किया । चौटाला ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय रामनिवास त्यागी ने समाज सेवा के लिए बेहतर कार्य किया उनके द्वारा किए गए कार्य के कारण उन्हें हमेशा याद किया जाएगा । उन्होंने कहा कि उनके परिवार को भी उनके दिखाई मार्ग का अनुसरण करते हुए आगे बढ़ना चाहिए । चौटाला ने कहा कि हमें अपने बुजुर्गों की याद में स्थापित की गई मूर्ति परिवार की आस्था को दर्शाती है।
इस मौके पर दयानंद त्यागी, सियानंद त्यागी (पूर्व पार्षद) सुरेश त्यागी (अध्यक्ष त्यागी समाज हरि.) देवेंद्र त्यागी (पूर्व सरपंच), अरुण त्यागी , तरुण त्यागी, अभिषेक त्यागी , अंशुमन त्यागी , विपुल त्यागी, आयुष त्यागी, नगर पालिका के अध्यक्ष अरुण त्यागी आदि मौजूद थे ।

# किसान, कमेरा वर्ग सहित सभी लोग भाजपा के पक्ष में: राव इंद्रजीत सिंह

**गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में माहौल भाजपा के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि किसान, कमेरा वर्ग सभी के सभी भाजपा के साथ खड़े हैं। श्री राव ने ये बातें बुधवार को सेक्टर-15 में लोकसभा चुनाव कार्यालय खोलने के बाद प्रेसवार्ता के दौरान कही।
उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य हर वर्ग का विकास करना है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 10 सालों में हर क्षेत्र में जबरदस्त विकास हुआ है। भाजपा के संकल्प पत्र पर बोलते हुए राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि मोदी की गारंटी वाला संकल्प पत्र देश के हर वर्ग और हर व्यक्ति को ध्यान में रखकर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के संकल्प पत्र में गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी आदि चारों वर्गों को आत्मनिर्भर बनाने का वादा किया है। श्री राव ने कहा कि देश जब आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा तब तक भारत विकसित राष्ट्र होगा।



एक सवाल के जवाब में राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि देश तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। कोरोना के समय बड़े-बड़े देशों की अर्थव्यवस्था डगमगा गई थी तब भी भारत साढ़े छह फीसदी की रफ्तार से आगे बढ़ रहा था। देश और प्रदेश में सडकों, हाइवे, रेलवे नेटवर्क मजबूत हो रहा है। लोगों को आसानी से मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में दस सालों में भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर पहुंची है और अगले पांच सालों में भारत दुनिया की सबसे बड़ी तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था वाला देश होगा।
राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि जाति-पाति का नारा तो विपक्ष की सरकारों में चलता था। अब तो सबका साथ, सबका विकास और प्रयास का नारा चल रहा है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम लोकसभा में उनके लिए कोई चुनौती नहीं है। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि गुरुग्राम लोकसभा की जनता प्रधानमंत्री मोदी को चाहती है और मोदी की गारंटियों पर विश्वास करती है।
राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि जनता विकास चाहती है, इसलिए मतदाताओं ने चुनाव में भाजपा के पक्ष में एकतरफा मन बना लिया है। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री डा. बनवारी लाल, जिला अध्यक्ष कमल यादव, क्लस्टर इंचार्ज मनीष मित्तल, नूंह जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, नूंह प्रभारी समय सिंह भाटी, जिला महामंत्री रामबीर भाटी, जिला मीडिया प्रमुख गजेंद्र गुप्ता, जिला सह मीडिया प्रमुख पवन यादव आदि उपस्थित रहे।

# गुरुग्राम: आईएमटी मानेसर में डबल सर्किट लाइन की बढ़ेगी ऊंचाई

**गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम द्वारा आईएमटी मानेसर में डबल सर्किट लाइन की ऊंचाई बढ़ाई जाएगी। इस दौरान कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।
दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम मानेसर डिवीजन के कार्यकारी अभियंता सतीश कुमार ने बताया कि एचवीपीएन द्वारा 220 केवी सब-स्टेशन सेक्टर-1, आईएमटी मानेसर से 66 केवी सेक्टर-4 आईएमटी लाइन तक 66 केवी डबल सर्किट लाइन की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य किया जाना है। यह कार्य शनिवार 20 अप्रैल को सुबह 5 बजे से रविवार 21 अप्रैल को सायं 6 बजे तक किया जाएगा। इस कार्य को करने के लिए एचवीपीएन द्वारा शटडाउन लिया जाएगा। जिसके कारण 66 केवी सब-स्टेशन सेक्टर-2, सेक्टर-3, सेक्टर-4 और सेक्टर-8 और आईएमटी मानेसर से निकलने वाले 11 केवी फीडरों पर बारी-बारी से रोटेशनल कट लगाया जाएगा। इस अवधि के दौरान सेक्टर-2, सेक्टर-3, सेक्टर-4, सेक्टर-5, सेक्टर-6, सेक्टर-7 और सेक्टर-8 आईएमटी मानेसर के क्षेत्र की बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 18 अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# मोदी सत्ता के उपासक: प्रियंका

## कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने सहारनपुर में रोड शो किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सहारनपुर:** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने बुधवार को सहारनपुर की गोल कोठी से लेकर कुतुबशेर थाने तक रोड शो किया। करीब एक घंटा चले रोड शो में प्रियंका गांधी ने लगभग 12 मिनट जनता को संबोधित भी किया। इस दौरान प्रियंका गांधी ने मोदी पर खूब तंज कसे। प्रियंका ने कहा कि इस देश ने सत्ता को नहीं सत्य को पूजा है और मोदी सत्ता को पूजते हैं सत्य को नहीं। रोड शो अधिकतर मुस्लिम आबादी के बीच से गुजरा। कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद के समर्थन में वोट की अपील की। बता दें कि कांग्रेस की तरफ से अभी तक एक भी स्टार प्रचारक जिले में नहीं आया। कांग्रेस की ओर से पिय्रंका इस लोकसभा चुनाव में पश्चिमी यूपी में पहली बार प्रचार मैदान में पहुंचीं।

**इस देश ने सत्ता को नहीं सत्य को पूजा हैं, मोदी को सत्य नहीं**



**सत्ता चाहिए:** रोड शो के दौरान प्रियंका गांधी ने रामनवमी को भी याद करते हुए कहा कि भगवान राम ने भी सत्य की लड़ाई लड़ी थी। जब उनके सामने रावण युद्ध करने के लिए आया तो सारी शक्ति रावण के पास थी, लेकिन भगवान राम ने नौ व्रत रखकर सारी शक्ति अपने पास ले ली थी। इसके बाद रावण से युद्ध किया और सत्य की जीत हुई। प्रियंका गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने छोटे व्यापारी, गरीब, मजदूर के लिए कुछ नहीं किया और अडानी अंबानी का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर दिया। भाजपा सरकार ने हमेशा अमीरों की जेबें भरी हैं। गरीब को कुछ नहीं मिला इलेक्ट्रोल बॉन्ड स्कीम भी भाजपा लेकर आई थी और वह इस सूची के नाम गोपनीय रखना चाहती थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने नाम उजागर करने के आदेश दिए तो भाजपा की पोल खुल गई। जो कंपनी 180 करोड रुपए का मुनाफा कमा रही है, वह कंपनी 1100 करोड रुपए का चंदा भाजपा को दे रही है। आखिर यह पैसा कहां से आ रहा है? मोदी ने काला धन लाने के लिए कहा था। क्या आया? जीएसटी आई, जिसने व्यापारियों की कमर तोड़ दी। सहारनपुर के लोगों का लकड़ी का कारोबार ठप हो गया। एक समय था जब यहां से बड़ी संख्या में लकड़ी के बने उत्पाद एक्सपोर्ट हुआ करते थे। मोदी सरकार में वह भी बंद हो गए। मेरी जनता से अपील है कि वह सपा कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी भाई इमरान को भारी मतों से जिताएं। आने वाले 19 अप्रैल को अधिक से अधिक मतदान करें।

इस बार लोकसभा चुनाव में अभी तक कांग्रेस की तरफ से कोई बड़ा स्टार प्रचारक जिले में नहीं आया। पहली बार कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद के समर्थन में रोड शो करने पहुंचीं। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा ने बताया कि प्रियंका गांधी सरसावा एयरफोर्स स्टेशन पर पहुंची।

**हमला बोला**

> मोदी ने मजदूर के लिए कुछ नहीं किया और अडानी अंबानी का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर दिया

# सरकार का हाथ हमें और भी मजबूत करना है: जयंत चौधरी



**टीम एक्शन इंडिया**

**शामली:** रालोद सुप्रीमो चौधरी जयंत सिंह शामली जनपद के लांक पुलिस चौकी से लेकर मुजफ्फरनगर के फुगाना, खरड़, भारौखुर्द, मुंडभर, काकड़ा तक रोड शो करने पहुंचे। लांक चौकी पर सभा को भी संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ये चुनाव आप पर छोड़कर जा रहा हूं। कैराना में कमल खिलाना है। रालोद के जिलाध्यक्ष चौधरी वाजिद अली के क्षेत्रीय महासचिव डॉ. विक्रांत जावला ने बताया कि शो की सभी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली थी। दोपहर तीन बजे से शो शुरू किया गया। रोड शो के दौरान पुलिस भी तैनात रही। रालोद सुप्रीमो चौधरी जयंत सिंह ने शामली में लांक पुलिस चौकी के पास से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के समर्थन में रोड शो शुरू किया। रोड शो में किसानों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। रोड शो के दौरान जयंत ने कहा कि किसानों को सम्मान देने वाली सरकार का हाथ हमें और भी मजबूत करना है। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर भाजपा ने किसानों का सम्मान किया है।

**वोट की अपील**

> ये चुनाव आप पर छोड़कर जा रहा हूं। कैराना में कमल खिलाना है: रालोद सुप्रीमो चौधरी जयंत

## फास्ट न्यूज

### हल्द्वानी में और बढ़ेगा पानी का संकट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नैनीताल:** हल्द्वानी में गर्मी बढ़ने और गौला का जलस्तर कम होने का असर अब शहर में भी दिखने लगा है। गौला की पेयजल लाइन वाले कई इलाकों में पानी का संकट गहरा गया है। बारिश नहीं होने से गौला का जलस्तर 99 क्यूसेक पहुंच गया है, जबकि मार्च में बारिश होने के बाद जलस्तर 200 क्यूसेक पहुंच गया था। लगातार जलस्तर घटने से अब नहरों और फिल्टर प्लांट को पर्याप्त पानी नहीं मिल सकेगा। दमुवाढूंगा, हिम्मतपुर भगवानपुर, इंदिरा नगर, नैनीताल रोड, बरेली रोड और लालडांठ के कई इलाकों में गौला की पेयजल लाइन से पानी मिलता है लेकिन गर्मी की शुरुआत होते ही इन लाइनों में प्रेशर कम होने लगा है। गौला से 35 एमएलडी पानी शीशमहल फिल्टर प्लांट को दिया जाता है, जबकि 100 क्यूसेक पानी की आवश्यकता हर रोज सिंचाई के लिए रहती है। जलस्तर कम होने पर रोस्टर के हिसाब से किसानों को पानी दिया जाता है। विभाग की मानें तो शहर को हर दिन 150 से 200 एमएलडी पानी की आवश्यकता होती है लेकिन अब गौला का जलस्तर 99 क्यूसेक रहने से फिल्टर प्लांट को पानी देने के बाद मात्र 84 क्यूसेक पानी गौला में भेजा जा रहा है, जिससे सिंचाई के लिए भी संकट पैदा होने लगा है। गौला से हर रोज 35 एमएलडी पानी फिल्टर प्लांट को दिया जाता है। जिससे शहर में पेयजल की आपूर्ति होती है। बचे हुए पानी को सिंचाई विभाग आवश्यकता अनुसार नहरों के माध्यम से बांटता है।

### राहुल गांधी की टीम के नेता देवाशीष ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्वालियर:** कांग्रेस नेता देवाशीष जरारिया ने बुधवार सुबह पार्टी कि प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। अब वे बीएसपी की सदस्यता लेकर भिंड-दतिया लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में आ सकते हैं। बीएसपी, भिंड-दतिया लोकसभा सीट पर अपना उम्मीदवार घोषित करने जा रही है। कायस लगाए जा रहे हैं कि इस बार बीएसपी के प्रत्याशी देवाशीष जरारिया होंगे। यदि ऐसा हुआ तो भिंड दतिया लोकसभा सीट पर त्रिकोणी मुकाबला देखने को मिल सकता है। गौरतलब है कि साल 2019 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने देवाशीष जरारिया को उम्मीदवार बनाया था।बीते चुनाव में देवाशीष जरारिया और भाजपा की संध्या राय के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली थी। हालांकि, देवाशीष जरारिया को दो लाख से अधिक वोटों से मात मिली थी और संध्या राय इस चुनाव में विजयी होकर दिल्ली पहुंची थी। पिछले पांच साल से देवाशीष ग्वालियर-चंबल संभाग की राजनीति करते आ रहे थे। कांग्रेस पार्टी ने देवाशीष को लोकसभा चुनाव लड़ाई जाने को लेकर अश्वासन भी दिया था। विधानसभा चुनाव में देवाशीष जरारिया ने टिकट की मांग की थी, तब पार्टी ने उनको लोकसभा से लड़ाई जाने की बात कही थी। बीते दिनों जब कांग्रेस ने कांग्रेस प्रत्याशी फूल सिंह बरैया को उतारने का निर्णय लिया तो उनका दर्द फूट पड़ा था। फूल सिंह का टिकट होने के बाद स्वयं के साथ होने वाले छलावा को लेकर पार्टी के खिलाफ सोशल मीडिया पर जमकर लिखा था।

# सीएम योगी ने नौ कन्याओं के धोए पैर

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर:** चैत्र नवरात्र के समापन पर पूरे देश में धूमधाम से राम नवमी मनाई गई। इस अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी योगी आदित्यानाथ ने बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर गोरखनाथ मंदिर में पूरे विधि-विधान से नवमी पूजन किया। फिर कन्याओं की पूजा भी की। सीएम योगी ने मंदिर में करीब एक घंटे तक पूजा की और कन्याओं के पैर धोए व बटुक भैरवों की भी पूजा की। कन्या पूजन भी वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ। पूजा-हवन के बाद मुख्यमंत्री ने कन्याओं को खुद अपने हाथ से भोजन कराया। पूजन आदि से पहले योगी आदित्यनाथ ने कुछ



समय मठ में आने वाले लोगों के साथ गुजारा फिर मठ स्थित शक्ति पीठ पहुंचकर हवन-पूजन किया। सीएम योगी ने मठ के पूजन कक्ष में मौजूद अन्य कन्याओं को भी खुद से भोजन कराया। इसके बाद उन्हें दक्षिणा देकर उनकी विधि पूर्वक विदाई की। वह दोनों नवरात्रों पर कन्या पूजन करते हैं। यह प्रक्रिया तब से चल रही है जब वह सीएम नहीं थे। कन्याओं की विदाई के साथ ही गोरखनाथ मंदिर में गोरक्षपीठाधीश्वर के हाथों होने वाली नवमी की पूजा संपन्न हुई।

# श्रीनगर में राम नवमी की धूम... जयकारों के साथ निकली शोभायात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**

**श्रीनगर:** रामनवमी के अवसर पर श्रीनगर में बुधवार को शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान जय श्री राम, सिया पति रामचंद्र की जय के जयकारे गूंजे। कश्मीर पंडितों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों और पर्टयकों ने भी इस शोभा यात्रा में हिस्सा लिया। श्रीनगर शहर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा को आयोजित करने में मुस्लिम समुदाय ने भी सहयोग दिया। शोभा यात्रा के आयोजकों ने बताया कि वे करीब डेढ़ दशक से शोभायात्रा आयोजित कर रहे हैं।



उत्तराखंड में रामजन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्नी के साथ सीएम आवाज आवास पर कन्या पूजन किया। कन्याओं को भोजन परोसते सीएम धामी व उनकी पत्नी।

# हम यूपी में 80 सीटों पर बीजेपी को हराएंगे: अखिलेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**बिजनौर:** उत्तर प्रदेश के बिजनौर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज नजीबाबाद के हर्सवाड़ा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। पार्टी कार्यकर्ता सुबह से ही जनसभा की तैयारी में जुटे थे। लोकसभा चुनाव के नगीना सुरक्षित सीट के सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी मनोज कुमार के पक्ष में अखिलेश यादव ने जनसभा को संबोधित किया। अखिलेश यादव हेलीकॉप्टर से तीन बजे सभा स्थल पर पहुंचे। जनसभा को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने अपनी हार और सीटों के बारे में नहीं सोचा। जब लोग सीटों का आकलन करने लगे तो उन्होंने कहा, आपने कांग्रेस को इतनी सीटें दे दीं? मैंने कहा कि मुझे तो लानी ही पड़ेगी गठबंधन में और इसलिए मैंने कांग्रेस को 17 सीटें दी हैं। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि हम यूपी में सभी 80 सीटों पर बीजेपी को हराएंगे... वे 400 सीट जीतने नहीं जा रहे हैं, बल्कि उन्हें खोने जा रहे हैं।

# बरेली के बांस-बेंत और जरदोजी को मिला जीआई टैग

**टीम एक्शन इंडिया**

**बरेली:** देश-दुनिया में बरेली की पहचान बने जरदोजी और बांस-बेंत को जीआई (जियोग्राफिकल इंडीकेशन) टैग मिल गया है। इससे दूसरे शहरों के कारोबारी अपने उत्पाद को बरेली का बताकर बिक्री नहीं कर सकेंगे। साथ ही, कारोबार में भी वृद्धि होने की भी उम्मीद है। इससे जुड़े कारीगरों की आमदनी भी बढ़ेगी। एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत भी बांस-बेंत और जरदोजी पंजीकृत हैं। जीआई टैग के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य के लिए पदश्री सम्मान से नवाजे गए विशेषज्ञ डॉ. रजनीकांत के मुताबिक बरेली जरदोजी क्राफ्ट के लिए फरीदपुर मोहल्ला मिरधान की एनआरआई वेलफेयर सोसायटी ने 19 जुलाई 2022 को और बरेली के बांस-बेंत फर्नीचर के लिए तिलियापुर (सीबीगंज) के मॉडर्न ग्रामोद्योग सेवा संस्थान ने 18 जुलाई 2022 को आवेदन किया था। अब ये पंजीकृत हो गए हैं। जीआई टैग की चेन्नई संस्था ने इन उत्पादों को पंजीकृत किया है। बरेली में जरदोजी कारोबार से करीब चार लाख लोग जुड़े हैं। बांस-बेंत के फर्नीचर का कारोबार भी यहां खूब फैला हुआ है, मगर बरेलीजीएसटी की उलझन, उत्पादों की स्थिर कीमत, कई निषेध और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिल रही चुनौती से कारोबार फीका है। जीआई टैग एक संकेतक है, जिसका उपयोग एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र के विशेष विशेषता वाले उत्पादों को पहचान मिलती है। जीआई का रजिस्ट्रेशन दस वर्ष की अवधि के लिए वैध रहता है। इसे समय-समय पर नवीनीकृत किया जा सकता है।

**यह होता है महत्व:** एक बार जीआई टैग का दर्जा मिलने के बाद कोई अन्य निमार्ता उत्पादों के विपणन के लिए इसके नाम का दुरुपयोग नहीं कर सकता है।



**पहचान**

> जीआई टैग एक संकेतक है, निश्चित भौगोलिक क्षेत्र के विशेष विशेषता वाले उत्पादों को पहचान मिलती है

# सीएम धामी ने बाबा नीम करौली का लिया आशीर्वाद

**टीम एक्शन इंडिया**

**नैनीताल:** राम नवमी के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैंची धाम पहुंचकर बाबा नीब करौरी महाराज की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। सीएम ने बीस मिनट तक कैंची में बाबा का ध्यान लगाया। साथ ही मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ मुलाकात की। सीएम धामी बुधवार की दोपहर 1.30 बजे कैंची धाम पहुंचे थे। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि सीएम ने बाबा की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

# सोनम वांगचुक ने रद्द किया इंट्रा-कंट्री रोड मार्च

**टीम एक्शन इंडिया**

**जम्मू/लेह: लेह** एपेक्स बॉडी (एलएबी) और पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक ने बुधवार को प्रस्तावित 'इंट्रा-कंट्री रोड मार्च' रद्द कर दिया है। एक प्रेसवार्ता में एलएबी नेताओं और सोनम वांगचुक ने इस बात की पुष्टि की। उनका कहना है कि प्रशासन की ओर से पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों को यह कहकर भयभीत किया जा रहा है कि अगर मार्च निकाला गया तो उन्हें धारा 144 लगाने व इंटरनेट बंद करना पड़ेगा, जिससे पर्यटन व्यवसायियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। सोनम वांगचुक ने



आरोप लगाया कि प्रशासन विभिन्न हथकंडे अपनाकर लोगों को डराने की कोशिश कर रहा है। चूंकि लद्दाख चीन और पाकिस्तान की सीमा से लगा एक संवेदनशील क्षेत्र है, इसलिए हम कानून और व्यवस्था के संबंध में सरकार की आशंका को समझ सकते हैं और यही संभावित कारण है कि सरकार ने पशमीना मार्च से पहले सख्त प्रतिबंध लगाए। वांगचुक ने आगे कहा कि कानून व्यवस्था को लेकर लोगों की आशंका के चलते वे प्रस्तावित मार्च को रद्द करते हैं। हम नहीं चाहते कि प्रशासन के द्वारा निषेधाज्ञा लगाने से लद्दाख के पर्यटन उद्योग का नुकसान हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि लद्दाख के लोगों के हक के लिए उनका संघर्ष जारी रहेगा।

# किसानों का रेल रोको आंदोलन: अंबाला-लुधियाना रेल खंड बंद

**टीम एक्शन इंडिया**

**अंबाला (हरियाणा):** संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीति और किसान मजदूर मोर्चा के आह्वान पर शंभू बॉर्डर पर किसानों का रेल रोको आंदोलन रहा। युवा किसान नेता नवदीप सिंह जलबेहड़ा समेत तीनों किसानों की रिहाई के लिए किसानों द्वारा ये आंदोलन किया जा रहा है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि हम भाजपा के साथ-साथ विपक्ष से भी सवाल पूछेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों को रिहा करने से भाग रही है। किसान नेताओं की रिहाई की मांग संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक एवं किसान-मजदूर मोर्चा के आह्वान पर 13 फरवरी से किसान आंदोलन चल रहा है। पुलिस ने कई किसान नेताओं को गिरफ्तार किया है। किसान पंजाब के शंभू रेलवे स्टेशन के ट्रैक पर बैठे हैं। जिसके कारण अंबाला-लुधियाना रेल खंड बंद है। किसानों के रेल रोको आंदोलन के कारण अंबाला कैंट से निकलने वाली 36 ट्रेन प्रभावित हुई हैं और 11 ट्रेन रद्द हुई हैं।

# 6 में से चार सीटों पर कांग्रेस चुनाव जीतेगी: जीतू पटवारी



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** मध्य प्रदेश में चार चरणों में चुनाव है। पहले चरण में छह सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। इन सीटों पर चुनाव प्रचार थम जाएगा। पहले चरण की 6 सीटों को लेकर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने बड़ा दावा किया है। पटवारी ने कहा कि 6 सीटों में से चार पर कांग्रेस जीतेगी। वहीं, पटवारी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के छिंदवाड़ा दौरे को लेकर कहा कि प्रदेश में हर दर्जे की अराजकता देखी गई। पूर्व मुख्यमंत्री कमलाथ के घर पर छापे डाले गए। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। पटवारी ने कहा कि भाजपा कांग्रेस के लोगों को शामिल करा रही है। उन्होंने कहा कि रेत, परिवहन वाले लोगों को डराया और उनको अपने साथ ले गए। पटवारी ने शाह पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वह तानाशाही कर रहे है। उनकी पार्टी के अंदर भी तानाशाही चल रही है। चुनाव जीतने के बाद शिवराज सिंह चौहान को भी हटा दिया। पटवारी ने भाजपा के वादों पर घेरते हुए कहा कि भाजपा की गारंटी थी कि गेंहू पर 2700 रुपए और धा पर 3100 रुपए एमएसपी देगी। 450 रुपए में गैस सिलेंडर, तीन हजार रुपए लाड़ली बहनों को देंगी।

उन्होंने कहा कि यह सिर्फ कहा गया, लेकि किया कुछ नहीं। पटवारी ने जनता से कहा कि यदि आपके बेटे को रोजगार मिला हो तो मोदी को वोट बनता है, लेकिन नहीं मिल तो फिर विचार बनता है। उन्होंने कहा कि आप विचार कीजिए कि महंगाई कम हुई क्या? वहीं, पटवारी ने मध्य प्रदेश कांग्रेस की नई टीम को लेकर कहा कि जल्द ही नई टीम का गठन होगा।

**साधा निशाना**

> पटवारी ने शाह के छिंदवाड़ा दौरे को लेकर कहा कि प्रदेश में हर दर्जे की अराजकता देखी गई

**चुनावी समर**

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इस बार डिजिटल प्लेटफार्म का दायरा बढ़ा है।

# सोशल मीडिया ने चुनाव प्रचार सामग्री के बाजार को किया मंदा, 40% पर सिमटा

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इस बार डिजिटल प्लेटफार्म का दायरा बढ़ा है। इस बदलते ट्रेंड का प्रभाव परंपरागत तरीकों से प्रचार के लिए प्रयुक्त होने वाले प्रिंटिंग कारोबार पर पड़ा। प्रचार के लिए बाजार में झंडा, सीटी, बैनर और बिल्ला सहित अन्य प्रचार सामग्री की मांग तेजी से घटी है। यदि चुनाव सामग्री के थोक कारोबारी की मानें तो इस बार अभी तक पूर्वांचल के आसपास के जिलों से मांग ही नहीं आ रही है। बस पांच वर्ष पहले की ही बात है। चुनाव कैसा भी हो, एक



माह पूर्व से ही चुनाव प्रचार सामग्री के बाजार में उछाल आ जाता था। थोक कारोबारी झंडा, सिटी, बिल्ला, टोपी, टीशर्ट, महिलाओं के उपयोग के लिए पार्टी का चुनाव चिन्ह लगा बिंदी, चूड़ी सहित अन्य सामग्री का ऑर्डर दे देते थे। राजनीतिक दलों की ओर से भी पहले ही ऑर्डर मिला जाता था। प्रत्याशी अपनी फोटो के साथ पोस्टर छपवाने के लिए परेशान रहते थे। व्यापारी दिव्यांश गर्ग का कहना है कि यहीं पर पुश्तों से प्रचार सामग्री का व्यापार करने वाले अग्रवाल बंधु कहते है कि पहले उम्मीदवार प्रचार सामग्री पर बारह से पंद्रह लाख रुपये आराम से खर्च करता था, लेकिन अब इसका आधा भी खर्च नहीं कर रहा है। इस बार के चुनाव में प्रिंटिंग कारोबार पर मंदी छाई हुई है। इस लोकसभा चुनाव में डिजिटलीकृत प्रणाली ने चुनावी प्रचार पर अपना गहरा प्रभाव डाला है।

**चालीस फीसदी ही रह गया कारोबार:** चुनाव सामग्री का जीपीओ के पास व्यापार करने वाले रघुराज पाल का कहना है कि अब तक उन्हें एक भी आर्डर नहीं मिला है। जबकि पिछले विधानसभा चुनाव में एक माह पहले से ही सामग्री का ऑर्डर मिल जाता था। यहीं पर चुनाव सामग्री बेचने वाले देव पूजा इंटरप्राइजेज के संचालक अनिल बताते है कि उनकी दुकान पच्चीस साल पुरानी है लेकिन ऐसी मंदी कभी भी नहीं थी।

**बेरौनक नजर आ रही हैं दुकानें:** चुनाव के दौरान प्रिंटिंग प्रचार सामग्री का थोक कारोबार के लिए प्रसिद्ध अमीनाबाद की लाल मस्जिद गली, भानुमती चौराहा हो या फिर पार्टी कार्यालय के सामने के कारोबारी सभी के यहां पूर्वांचल व अवध के जिलों के छोटे व्यापारियों की भीड़ लगी रहती थी।

**कारोबार मंदा**

> इस बदलते ट्रेंड का प्रभाव परंपरागत तरीकों से प्रचार के लिए प्रयुक्त होने वाले प्रिंटिंग कारोबार पर पड़ा